www.vijaymat.com
शहडोल, शनिवार, 10 मई 2025 | वर्ष- 08 | अंक- 135 | पेज- 08 | मूल्य- ₹5.00/-

# विजय मत

राष्ट्र को समर्पित




# भारत के शस्त्रों से पाक पस्त

**नई दिल्ली, एजेंसी**

22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के खिलाफ पाकिस्तान में चलाए गए भारत के ऑपरेशन सिंदूर से बौखलाए पाकिस्तान ने गुरुवार की रात भारत के सैन्य ठिकानों को निशाना बनाने की कोशिश की, जिसे भारतीय सेनाओं ने पूरी तरह नाकाम कर दिया। लड़ाकू विमानों, ड्रोन, रॉकेट व मिसाइलों के जरिए पाकिस्तान ने रात 8 से 10 बजे के बीच जम्मू, पठानकोट, फिरोजपुर, कपूरथला, जालंधर व जैसलमेर के सैन्य ठिकानों और आयुध केंद्रों पर हमला किया। पाकिस्तान के दुस्साहस का मुंहतोड़ जवाब देते हुए भारत ने पड़ोसी देश के लाहौर, इस्लामाबाद, पेशावर व सियालकोट समेत सात शहरों पर एकसाथ हमला किया।

### चेहरा बेनकाब: मुस्लिमों पर भी हमला कर रहा पाक



इस्लाम के नाम पर भारतीय मुसलमानों को गुमराह करने वाला पाकिस्तान अब मुस्लिम बस्तियों को भी निशाना बना रहा है...

### वर्ल्ड बैंक का भी पाकिस्तान को झटका

## प्रेसिडेंट बोले : पाकिस्तान का पानी रोकने का मुद्दा सुलझाना हमारा काम नहीं



वर्ल्ड बैंक प्रेसिडेंट अजय बंगा शुक्रवार को अपनी टीम के साथ लखनऊ पहुंचे। इंडस जल संधि के स्थगन पर अजय बंगा ने कहा- हमारा कार्य केवल प्रक्रिया को सुगम बनाना है। मीडिया में यह अनुमान लगाया जा रहा है कि वर्ल्ड बैंक हस्तक्षेप करके इस मुद्दे को सुलझाएगा, जो कि पूरी तरह से गलत है। चिनहट ब्लॉक स्थित टेकहोम राशन प्लांट (टीएचआर यूनिट) का निरीक्षण किया। महिला स्वयं सहायता समूहों के सदस्यों से संवाद किया।



### पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त स्टॉक, घबराकर खरीदी न करें

तेल कंपनियों ने शुक्रवार को लोगों को भरोसा दिलाया कि भारत में पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस (एलपीजी) का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है। सरकारी कंपनियों इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन, भारत पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड और हिंदुस्तान पेट्रोलियम कॉरपोरेशन लिमिटेड ने अलग-अलग बयानों में पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध होने का भरोसा दिलाया है। कंपनियों ने यह बयान सोशल मीडिया पर ऐसे पोस्ट और वीडियो की बाढ़ आने के बाद दिया, जिसमें भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने के बीच पेट्रोल पंपों पर ईंधन स्टॉक करने के लिए लोगों की कतारें देखी जा सकती हैं।

### पठानकोट, बठिंडा, अमृतसर में रॉकेट, बम-ड्रोन मिले

भारत के ऑपरेशन सिंदूर एयर स्ट्राइक के बाद पाकिस्तान ने पंजाब पर तीसरी बार हमला किया। अमृतसर में सुबह 5 बजे ड्रोन से अटैक किया गया। हालांकि भारतीय सेना के डिफेंस सिस्टम स-400 से खासा इलाके में 2 ड्रोन नष्ट कर डाले। इनमें एक छोटा और दूसरा बड़ा था। पठानकोट में देर रात हमले के बाद एयरबेस के पास पुलिस ने शुक्रवार सुबह सर्च ऑपरेशन चलाया है।

### श्रीगंगानगर में शाम 7 बजे तक बाजार बंद करने के आदेश

श्रीगंगानगर में शुक्रवार से शाम 7 बजे तक बाजार बंद करने के आदेश जारी किए गए हैं। सीमावर्ती गांवों में रहने वाले लोगों को पूरी तरह से ब्लैक आउट करने के लिए कहा है। घरों की खिड़कियों-दरवाजों को भी ढकने के लिए कहा गया है, ताकि कोई रोशनी नहीं दिखे। जैसलमेर में शुक्रवार से बाजार शाम 5 बजे से ही बंद होंगे। ब्लैकआउट 12 घंटे रहेगा, जो शाम 6 बजे से शुरू होगा। रात में शादी न करें। जिले के रामदेवरा क्षेत्र में शुक्रवार शाम 4 बजे से सभी दुकानें, व्यापारिक प्रतिष्ठान, धर्मशालाएं और गोदाम बंद रखने के आदेश दिए गए हैं।

### एस जयशंकर ने ब्रिटेन के विदेश मंत्री से बात की

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा- ब्रिटेन के विदेश मंत्री डेविड लैमी से फोन पर बात हुई। इसमें विषय आतंकवाद के खिलाफ कार्रवाई ही था। सहमति बनी कि आतंकवाद के खिलाफ जीरो टॉलरेंस होना चाहिए।

### उत्तराखंड में हाईअलर्ट, नेपाल से सटे जिलों में चौकसी

ऑपरेशन सिंदूर के बाद भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़े तनाव को देखते हुए उत्तराखंड में हाई अलर्ट घोषित कर दिया गया है। राज्यभर में सुरक्षा को लेकर पुलिस और खुफिया एजेंसियों को सतर्क कर दिया गया है। खासकर नेपाल सीमा से सटे जिलों में अतिरिक्त चौकसी बरती जा रही है। राजधानी देहरादून में गुरुवार देर रात सघन चेकिंग अभियान चलाया गया, जिसमें संदिग्धों से गहन पूछताछ की गई।

### केंद्र ने टेरिटोरियल आर्मी के लिए आदेश जारी किया

रक्षा मंत्रालय ने एक नोटिफिकेशन जारी कर सेना प्रमुख को प्रादेशिक सेना नियम, 1948 के नियम टेरिटोरियल आर्मी के जवानों-अफसरों को बुलाने का अधिकार दिया है। टीए अर्धसैनिक बल है, जो नागरिकों को सेना के साथ सर्विस का मौका देती है। वे नौकरी या पेशे को भी जारी रख सकते हैं।

### संघ बोला- पूरा देश सरकार और सेना के साथ

राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ ने ऑपरेशन सिंदूर के लिए भारत सरकार और सुरक्षा बलों को बधाई दी। संघ ने कहा कि हिंदू टूरिस्ट्स के क्रूर हत्याकांड में पीड़ित परिवारों और देश को न्याय दिलाने के लिए इस कार्रवाई से पूरे देश का स्वाभिमान और साहस बढ़ा है। हमारा मानना है कि पाकिस्तान में आतंकवादियों, उनके बुनियादी ढांचे और तंत्र के खिलाफ की जा रही सैन्य कार्रवाई देश की सुरक्षा के लिए जरूरी है।

## नागरिक सुरक्षा सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता: मुख्यमंत्री डॉ. यादव

### उच्चस्तरीय बैठक में दिए अहम निर्देश



**विजय मत, भोपाल**

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने शुक्रवार को समत्व भवन (मुख्यमंत्री निवास) में प्रदेश की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक उच्चस्तरीय बैठक ली। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा हमारा परम धर्म है और ताज़ा हालातों को देखते हुए सभी नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने सभी वरिष्ठ अधिकारियों को निर्देशित किया कि जरूरी नागरिक सेवाओं पर विशेष ध्यान दिया जाए, सभी विभाग अपनी-अपनी व्यवस्थाओं को सुदृढ़ करें और सुरक्षा के सभी आवश्यक ऐहतियाती कदम तत्काल प्रभाव से लागू किए जाएं। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने जोर देकर कहा कि राष्ट्र विरोधी किसी भी प्रचार पर सख्ती से अंकुश लगाया जाए। नागरिकों को अफवाहों पर ध्यान न देने की लिए प्रेरित और सूचित करें। केंद्रीय और राज्य सरकार के महत्वपूर्ण प्रतिष्ठानों की चहुंओर सुरक्षा पर अत्यंत विशेष ध्यान दिया जाये। आपदा प्रबंधन के सभी उपाय एवं आवश्यकताओं जैसे स्वास्थ्य, अग्निशमन सेवाओं को और मजबूत कर लें। मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने प्रदेश की अद्यतन सुरक्षा व्यवस्थाओं, नागरिक सुविधाओं की स्थिति और विभागीय समन्वय की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को आपसी तालमेल को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए। यह भी कहा कि किन्हीं भी आपातकालीन परिस्थितियों के लिए सभी विभाग तत्परता और सजगता के साथ तैयार रहें। उन्होंने कहा कि परिस्थितियां सामान्य होने तक नागरिक सुविधाओं की सहज आपूर्ति से जुड़े सभी विभागों के अधिकारी और फील्ड अमला अवकाश पर न जाये। बैठक में मुख्य सचिव श्री अनुराग जैन, अपर मुख्य सचिव गृह श्री जे.एन. कंसोटिया, अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री कार्यालय एवं जल संसाधन डॉ. राजेश राजौरा, पुलिस महानिदेशक श्री कैलाश मकवाना, डीजी होमगार्ड श्री अरविंद कुमार, एडीजी गुप्तवार्ता श्री ए. साई मनोहर, सैन्य अधिकारी सहित विभिन्न विभागों के अपर मुख्य सचिव, प्रमुख सचिव, सचिव एवं अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

### कृषि मंत्री बोले- हमारे गोदाम भरे हुए, गेहूं-चावल पर्याप्त



केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अधिकारियों के साथ बैठक के बाद कहा कि हमारे कृषि भंडार भरे हुए है। हम आतंकियों को नहीं छोड़ेंगे। हमने आतंकी ठिकानों पर हमला किया, नागरिकों पर नहीं। कृषि विभाग के तौर पर हमारी जिम्मेदारी फूड सिक्योरिटी सुनिश्चित करना है।

### महाराष्ट्र सीएम बोले- सुरक्षा बल, पुलिस अलर्ट मोड पर



महाराष्ट्र के सीएम देवेंद्र फडनवीस ने कहा, सुरक्षा बल, पुलिस, कोस्ट गार्ड या नेवी सभी अलर्ट मोड पर हैं। नियमित एक्सरसाइज हो रही है। एसओपी सेट है। हम वॉर बुक के हिसाब से सबकुछ कर रहे हैं। हमने आतंरिक सुरक्षा की भी समीक्षा की है।

### कर्नल सोफिया बोलीं-

## पाक नागरिकों को ढाल बना रहा, 400 ड्रोन दागे, अपने एयरस्पेस में विमान उड़ने दिए, ताकि भारत जवाबी हमला न करे




भारत और पाकिस्तान के बीच चल रहे सैन्य तनाव के बीच केंद्र सरकार ने बड़ा कदम उठाया है। अब सेना प्रमुख को अधिकार दिया गया है कि वे प्रादेशिक सेना के हर अफसर और सैनिक को तैनात कर सकते हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर नियमित सेना की मदद की जा सके या उसकी ताकत बढ़ाई जा सके। रक्षा मंत्रालय के सैन्य मामलों के विभाग ने 6 मई को इस संबंध में अधिसूचना जारी की है। इसमें कहा गया है कि यह आदेश 10 फरवरी 2025 से प्रभावी होगा और 9 फरवरी 2028 तक लागू रहेगा। इसका मतलब है कि अगले तीन सालों तक सेना प्रमुख के पास टीए को किसी भी जरूरी मिशन के लिए तैनात करने का पूरा अधिकार रहेगा।

### तेल कंपनियां बोलीं- देश में पेट्रोल, डीजल, गैस की कमी नहीं

भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध के हालात बने हुए हैं। चंडीगढ़ और अंबाला में शुक्रवार को हवाई हमले की चेतावनी दी गई है। चंडीगढ़ में सेना की वेस्टर्न कमांड है, एनआईए का भी दफ्तर है। अंबाला में एयरफोर्स स्टेशन मौजूद है। तेल कंपनियां आईओसी, बीपीसीएल और एचपीसीएल ने अलग-अलग बयानों में कहा कि देश में पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक है। घबराकर खरीदारी करने की कोई जरूरत नहीं है।

### गजेंद्र सिंह शेखावत बोले

## आतंकियों को कल्पना से बड़ी सजा मिलेगी



भारत-पाकिस्तान तनाव पर केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा, पाकिस्तानी आतंकियों द्वारा पहलगाम पर हमला करके हमारे 26 निर्दोष नागरिकों को मौत के घाट उतार दिया गया था... प्रधानमंत्री मोदी ने ऐलान किया था कि देश की अस्मिता पर हमला करने वाले ऐसे आतंकियों और उनके आकाओं को उनकी कल्पना से भी कई अधिक बड़ी सजा मिलेगी।

### महबूबा बोलीं-

## शांति से हल निकालें भारत-पाकिस्तान



जम्मू-कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने मौजूदा हालात पर कहा कि भारत-पाकिस्तान को शांति से हल निकालना चाहिए। उन्होंने शुक्रवार को कहा, भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव लगातार बढ़ रहा है। सीमा के दोनों ओर निर्दोष लोगों की जान जा रही है। मुश्किल समय में संयम बहुत जरूरी है। दोनों देशों के नेताओं और सैन्य कमांडरों को साथ बैठकर बात करनी चाहिए।

### भारत-पाक तनाव पर एमपी में भी अलर्ट

## प्रदेश में पुलिसकर्मियों की छुट्टियां रद्द इंदौर में सभी आयोजनों पर रोक

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**



भारत-पाकिस्तान के बीच युद्ध जैसे हालात के बीच मध्यप्रदेश में भी अलर्ट जारी किया गया है। इंदौर में बिना अनुमति सभी तरह के आयोजन बैन कर दिए गए हैं। पुलिस कमिश्नर संतोष कुमार ने गुरुवार को इसका आदेश जारी किया, जो 4 जुलाई 2025 तक लागू रहेगा। बैतूल में पुलिसकर्मियों की छुट्टियों पर रोक लगा दी गई है। अति आवश्यक स्थितियों में वरिष्ठ अधिकारियों की अनुमति से छुट्टी मिलेगी। भोपाल में शुक्रवार सुबह लोगों ने बड़े तालाब किनारे बोट क्लब पर खड़े सुदर्शन चक्र टैंक पर चढ़कर तिरंगा फहराया।

### भोपाल में टैंक पर फहराया तिरंगा, वंदे मातरत के नारे लगाए

भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान को दिए गए मुंहतोड़ जवाब पर भोपालवासियों का जोश हाई है। यहां लोगों ने बड़े तालाब किनारे बोट क्लब पर खड़े सुदर्शन चक्र टैंक पर चढ़कर तिरंगा फहराया। वंदे मातरम के नारे लगाए। उन्होंने कहा- अब समय आ गया है कि आतंकवाद को जड़ से खत्म किया जाए। भारत की सेना लगातार जवाब दे रही है।

### नमाज पढ़ने और इस्लाम कबूल करने का दबाव बनाया

## इंदौर में भवंस स्कूल के चेयरमैन पर लव जिहाद का केस, पत्नी ने की शिकायत

**विजय मत, ब्यूरो इंदौर**

इंदौर के भवंस प्रॉमिनेंट स्कूल के चेयरमैन समीर मीर के खिलाफ लव जिहाद का केस दर्ज किया गया है। पत्नी ने ही उनके खिलाफ शिकायत की है। जिसके बाद गुरुवार रात में एमआईजी थाना पुलिस ने मध्यप्रदेश धार्मिक स्वतंत्रता अधिनियम 2021 के तहत गंभीर धाराओं में मामला दर्ज किया है। आरोपी समीर मीर की पत्नी ने उन पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाने, धमकी देने और घरेलू उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। तुलसी नगर निवासी पीड़िता ने बताया कि उसकी शादी समीर मीर से साल 2006 में हिंदू रीति-रिवाजों से हुई थी। शादी के बाद उनके दो बच्चे

## वार्ता से पहले ट्रंप का चीन को प्रस्ताव, कहा- टैरिफ को घटाकर 80 फीसदी तक कर सकते हैं

**वॉशिंगटन, एजेंसी**

अमेरिका और चीन के बीच व्यापार युद्ध छिड़ने के बाद पहली बार अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने नया प्रस्ताव रखा है। उन्होंने चीन पर लगाए गए टैरिफ को घटाकर 80 फीसदी करने की बात कही है। ट्रंप ने यह प्रस्ताव



तब रखा है जब अमेरिका और चीन के अधिकारी स्विट्जरलैंड के जेनेवा में एक उच्च स्तरीय वार्ता करने वाले हैं। ट्रंप प्रशासन ने मंगलवार को घोषणा की थी कि ट्रेजरी सचिव स्कॉट बेसेंट और अमेरिकी व्यापार प्रतिनिधि जैमीसन ग्रीर जेनेवा में अपने समकक्षों से मिलेंगे। यह व्यापार युद्ध के बाद दोनों देशों के बीच सबसे बड़ी वार्ता होगी।

## गृह मंत्रालय का राज्यों को पत्र: लोगों की सुरक्षा के लिए करें आपातकालीन शक्तियों का प्रयोग

**नई दिल्ली, एजेंसी**

पाकिस्तान के साथ बढ़ते तनाव के बीच भारत हर मोर्चे पर तैयार है। गृह मंत्रालय ने भी सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिव को पत्र लिखकर अहम निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने पत्र में सभी मुख्य सचिव को विशेष स्थिति में लोगों की सुरक्षा के लिए आपातकालीन शक्तियों का इस्तेमाल




करने के निर्देश दिए हैं। गृह मंत्रालय ने पत्र में कहा है कि नागरिक सुरक्षा नियम 1968 की धारा 11 को किसी भी आपात स्थिति में लागू किया जा सकता है। साथ ही राज्य/संघ राज्य क्षेत्र के नागरिक सुरक्षा (सिविल डिफेंस) निदेशक को आवश्यक आपातकालीन खरीद शक्तियां दी जा सकती हैं। ताकि आवश्यक एहतियाती उपाय किए जा सकें।

### शहडोल में आसमानी आफत

## आंधी और बारिश के साथ गिरी आकाशीय बिजली से युवक की मौत, दूसरा घायल

**विजय मत, शहडोल**



शहडोल जिले में मौसम ने एक बार फिर से अपना विकराल रूप दिखाया है। तेज आंधी और बारिश के साथ आसमानी बिजली गिरने से एक युवक की मौत हो गई, जबकि दूसरा गंभीर रूप से घायल है और अस्पताल में इलाज करा रहा है। इस घटना ने जिले में मौसम की बेरुखी और प्राकृतिक आपदाओं के प्रति गंभीर चिंता को जन्म दिया है। पुलिस ने बताया कि धनपुरी थाना क्षेत्र के अमरकंटक रोड स्थित झिल्ली दफाई में हुई यह दुखद घटना तब घटी जब मो. मोहशीन और इमरान नामक युवक तेज बारिश से बचने के लिए बरगद के पेड़ के नीचे खड़े थे। अचानक आकाशीय बिजली गिरने से मोहशीन की मौके पर ही जान चली गई, जबकि इमरान गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की जानकारी मिलने के बाद पुलिस ने तुरंत मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया और इमरान को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया।

### भारत-पाकिस्तान के बीच बढ़ते तनाव के बीच गिरा शेयर बाजार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ने से व्यापक संघर्ष की आशंकाओं के बीच शुक्रवार को शेयर बाजार में गिरावट देखी गई। इस दौरान बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में शुरुआती कारोबार में गिरावट दर्ज की गई। भारत ने गुरुवार रात को जम्मू और पठानकोट सहित सैन्य स्थलों पर ड्रोन और मिसाइलों से हमला करने के पाकिस्तान के नए कोशिशों को तेजी से विफल कर दिया, जबकि देश के उत्तरी और पश्चिमी क्षेत्रों में 15 स्थानों पर इसी तरह के प्रयासों को नाकाम कर दिया।

## 3.25 लाख की संख्या वाले अर्धसैनिक बल 'सीआरपीएफ' में ट्रांसफर आदेश रोके गए

**नई दिल्ली, एजेंसी**

ऑपरेशन सिंदूर के तहत भारत ने पाकिस्तान में 9 आतंकी ठिकानों पर स्ट्राइक की है। गुरुवार को भी जम्मू कश्मीर और राजस्थान से लगते पाकिस्तान के बॉर्डर पर सीमा पार से हमला करने का प्रयास किया गया। भारतीय सुरक्षा बलों ने पाकिस्तान के हमले को नाकाम कर दिया। सरकार की तरफ से कहा गया है कि ऑपरेशन सिंदूर आगे बढ़ सकता है। ऐसे में केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की अतिरिक्त कंपनियों को जम्मू की तरफ रवाना किया गया है। देश के विभिन्न हिस्सों में सुरक्षा प्रबंधों की समीक्षा हो रही है। इसी के चलते 3.25




लाख की संख्या वाले देश के सबसे बड़े केंद्रीय अर्धसैनिक बल सीआरपीएफ में फिलहाल ट्रांसफर आदेशों को रोक दिया गया है। ऐसे अधिकारी और कर्मचारी, जो अभी रिलीव नहीं हुए हैं, उन्हें आगामी आदेशों तक अपने पहले वाले स्थान पर ही रहना है। बता दें कि सीआरपीएफ में इस वक्त समर चेन ट्रांसफर होते हैं।

कार्यालयः भोपाल ■ शहडोल ■ इंदौर ■ जबलपुर ■ होशंगाबाद ■ विदिशा ■ सीहोर ■ बैतूल ■ छिंदवाड़ा ■ ग्वालियर ■ ब्यौहारी ■ अनूपपुर ■ उमरिया ■ सीधी ■ सिंगरौली ■ रीवा ■ सतना ■ बालाघाट ■ सिवनी ■ कटनी ■ सागर ■ मुलताई ■ मुरैना ■ टीकमगढ़ ■ रायपुर ■ बिलासपुर ■ भिलाई

## न्यूज इन शॉर्ट




### लोक सेवा गारन्टी के तहत शासन द्वारा चिन्हित सेवाओं एवं योजनाओं में समय-सीमा में हितग्राहियों को अधिकारी दिलाएं लाभ-कलेक्टर

शहडोल। कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने लोक सेवा गारन्टी अधिनियम के तहत विभिन्न विभागों में अधिसूचित सेवाओं की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि सभी सेवाओं का लाभ समय-सीमा में देना सुनिश्चित किया जाए। आपने विवाह पंजीयन, जन पंजीयन, मृत्यु पंजीयन, तथा पेंशन प्रकरणों की समीक्षा करते हुए शत-प्रतिशत प्रकरणों के निराकरण करने के निर्देश दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, एसडीओपी राघवेन्द्र द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।



### एरिया सेल्स अधिकारी श्री निधि मिश्रा के स्थानांतरण पर एरिया महाप्रबंधक ने स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मान

धनपुरी। एसईसीएल सोहागपुर एरिया में पदस्थ रहे एरिया सेल्स अधिकारी श्री निधि मिश्रा जिनका विगत दिनों कोल इंडिया के द्वारा स्थानांतरण कर दिया गया कुछ ही महीना पहले उनकी पदोन्नति हुई थी और इसके बाद उनका स्थानांतरण भी हो गया उनके स्थानांतरण के बाद आज एरिया महाप्रबंधक कार्यालय में उनके सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जहां पर एरिया महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा ने इस स्मृति चिन्ह देकर उनका सम्मान किया।

एरिया सेल्स अधिकारी के पद पर पदस्थ रहते हुए डॉक्टर श्रीनिधि मिश्रा ने कई उल्लेखनीय काम को किया जिसकी सराहना मुख्यालय तक की गई थी आज उनके स्थानांतरण के बाद सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया गया जिसमें महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव भी प्रमुख रूप से शामिल थे।

इस अवसर पर एरिया महाप्रबंधक पी श्री कृष्णा ने कहा कि एरिया सेल्स अधिकारी के पद पर श्रीनिधि मिश्रा ने जो अपने कर्तव्यों को निभाया वह सराहनीय था कोयला खदानों में जितना महत्वपूर्ण कोयला उत्पादन को करना होता है उतना ही महत्वपूर्ण कोयले को डिस्पैच करना भी होता है और इसे लेकर एरिया सेल्स विभाग ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई सेल्स अधिकारी सेल्स अधिकारी श्री निधि मिश्रा ने बखूबी अपने कर्तव्यों का पालन किया और उनके कार्यों की सभी प्रशंसा करते थे महाप्रबंधक ने कहा कि उनके स्थानांतरण होने के बाद यहां पर उनके सम्मान में जो कार्यक्रम आयोजित किया गया है निश्चित है कि वह आगे भी अपने कर्तव्यों का इसी तरह से पालन करेंगे।

इस मौके पर श्रीनिधि मिश्रा ने कहा कि एसईसीएल सोहागपुर एरिया में उन्हें जितने समय एरिया सेल्स अधिकारी के पद पर अपने कर्तव्यों का पालन करने का अवसर मिला उन्होंने उसे पर हमेशा ध्यान दिया एरिया महाप्रबंधक का सहयोग उन्हें हमेशा निरंतर मिलता रहा यहां पर सभी अधिकारियों का विषय हो उन्हें मिलता था और वह सभी के प्रति आभार भी व्यक्त करते हैं उन्होंने कहा कि बिलासपुर मुख्यालय से लेकर एरिया मुख्यालय से जो भी निर्देश उन्हें मिलता था उसे वह निभाने में हमेशा आगे रहते थे कोयला डिस्पैच समय पर हो इसे लेकर लगातार वह काम करते थे और निश्चित ही यहां पर जो काम करने का अवसर मिला वह उनके लिए हमेशा महत्वपूर्ण रहेगा।

# अवैध जुआ और सट्टे का कारोबार, पुलिस की लापरवाही से फल-फूल रहा कारोबार

### पाली और सोहागपुर पुलिस की मिलीभगत से बढ़ रहा अवैध कारोबार



**विजय मत, शहडोल**

सोहागपुर थाना क्षेत्र में इन दिनों अवैध जुआ और सट्टे का कारोबार तेज़ी से फैल रहा है, जिसके चलते स्थानीय क्षेत्रवासियों में असुरक्षा का माहौल बन गया है। यह कारोबार मुख्य रूप से अनिल नामक व्यक्ति द्वारा जंगलों में संचालित किया जा रहा है, जहां जुआरी और सट्टेबाजों को बिना किसी डर के अपना धंधा करने की पूरी स्वतंत्रता मिल रही है।

#### पाली थाना पुलिस की लापरवाही

कुछ दिन पहले, पाली थाना पुलिस ने इस अवैध कारोबार से जुड़े एक आरोपी को पकड़ा था, लेकिन हैरानी की बात यह है कि उसे जल्द ही पुलिस द्वारा छोड़ दिया गया। आरोपी को छोड़ने की वजह से इस मामले में पुलिस की लापरवाही और अवैध कारोबार के प्रति नरमी को लेकर सवाल उठने लगे हैं।

#### सोहागपुर और पाली पुलिस की मिलीभगत

सूत्रों के अनुसार, सोहागपुर और पाली पुलिस की मिलीभगत से यह अवैध कारोबार लगातार फल-फूल रहा है। पुलिस की अनदेखी और अभयदान के चलते जुआ और सट्टा के कारोबारी खुलेआम अपने काम को अंजाम दे रहे हैं, जिससे समाज में अपराध और असमंजस की स्थिति उत्पन्न हो रही है।

#### स्थानीय लोगों की बढ़ी चिंता

इस बढ़ते अवैध कारोबार से स्थानीय निवासियों में घबराहट है, क्योंकि इन गतिविधियों के चलते अपराध दर में इज़ाफ़ा हो रहा है और समाज में नकारात्मक प्रभाव पड़ रहा है। लोग पुलिस से सख्त कार्रवाई की उम्मीद लगाए हुए हैं ताकि इस अवैध कारोबार पर जल्द से जल्द काबू पाया जा सके।

### सोशल मीडिया में भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं पोस्ट करने पर होगी कार्यवाही:- कलेक्टर

**विजय मत, शहडोल**



कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ.केदार सिंह ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता 2023 की धारा-163 के अन्तर्गत लोक हित में तथा कानून व्यवस्था बनाये रखने की दृष्टि से आदेश जारी किया है कि कोई भी व्यक्ति /संस्थाएं सोशल मीडिया (फेसबुक, वाट्सएप, ट्विटर आदि) पर ऐसी कोई भी भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं/पोस्ट/वीडियो/रील्स को अपलोड एवं फार्वड/वायरल नहीं करेगा/करेगी। यदि जांच के दौरान कोई भी व्यक्ति ऐसी पोस्ट अपलोड/फारवर्ड करने में संलिप्त पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता 2023 एवं अन्य सुसंगत अधिनियम के तहत कार्यवाही की जा सकेगी।जारी आदेश में कहा गया है कि भारतीय सेना द्वारा आपरेशन ÷सिंदूर÷ के तहत की गयी कार्यवाही से उद्भूत परिस्थितियों के परिपेक्ष्य में विभिन्न सोशल मीडिया माध्यमों पर भ्रामक एवं अपुष्ट सूचनाएं/पोस्ट/वीडियो/रील्स अपलोड/फारवर्ड किये जा रहे हैं। ऐसी अपुष्ट खबरों के प्रसारण से आमजन में आक्रोश एवं तनाव पैदा होने तथा कानून व्यवस्था की स्थिति निर्मित होने की संभावना बनी हुई है।उक्तादेश आदेश जारी होने के दिनांक से आगामी आदेश तक प्रभावी रहेगा। आदेश का उलंघन किये जाने पर सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम 2000 एवं भारतीय न्याय संहिता, 2023 की धारा 223 के अन्तर्गत दण्डनीय होगा।

## भारत-पाकिस्तान के बीच वर्तमान तनावपूर्ण स्थिति को दृष्टिगत रखते हुए अपील



**विजय मत, शहडोल**

भारत-पाकिस्तान के बीच उत्पन्न हुई युद्ध जैसी स्थिति को ध्यान में रखते हुए, शहडोल पुलिस समस्त नागरिकों से शांति, सद्भाव और सामाजिक एकता बनाए रखने की अपील करती है। कृपया निम्नलिखित बिंदुओं पर विशेष ध्यान दें-

जिम्मेदार नागरिक - इस संवेदनशील समय में अफवाहों और गलत सूचनाओं से बचें। समाज में तनाव उत्पन्न करने वाली किसी भी गतिविधि से दूर रहें और शांति बनाए रखने में पुलिस एवं प्रशासन का सहयोग करें।सोशल मीडिया पर संयम बरतें - व्हाट्सएप, फेसबुक, ट्विटर, इंस्टाग्राम आदि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर किसी भी प्रकार की आपत्तिजनक, भड़काऊ या झूठी जानकारी साझा करने से बचें। शहडोल पुलिस सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और व्हाट्सएप ग्रुप्स पर सक्रिय निगरानी कर रही है। शांति भंग करने वाली कोई भी पोस्ट गंभीरता से ली जाएगी और उस पर कठोर वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। इस युद्ध जैसी स्थिति में धार्मिक उन्मा द फैलाने वाले मैसेज के प्रचार प्रसार से दूर रहें।

साम्प्रदायिक सौहार्द बनाए रखें - किसी भी धर्म, जाति या समुदाय को लेकर उत्तेजनात्मक पोस्ट, फोटो या वीडियो शेयर न करें। संविधान की सर्वधर्म समभाव की भावना का स्वंथय सम्माकन करें और परिजनों को भी इस विषय मे बतायें।

गैरकानूनी गतिविधियों से दूरी रखें - किसी भी तरह की गतिविधि, जिससे शांति व्यवस्था भंग हो सकती है, उसमें भाग न लें। ऐसा कोई भी कार्य न करें जो कानून के विरुद्ध हो।

व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन की भूमिका - सभी व्हाट्सएप ग्रुप एडमिन्स से अनुरोध है कि वे अपने ग्रुप में कोई भी आपत्तिजनक संदेश प्रसारित न होने दें। ऐसे संदेशों को तुरंत डिलीट करें और समूह के सदस्यों को जागरूक करें।

कानूनी कार्यवाही - यदि कोई व्यक्ति धार्मिक या साम्प्रदायिक भावनाएं भड़काने वाली पोस्ट करता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम एवं भारतीय न्याय संहिता के तहत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

सूचना देने का माध्यम - यदि आप किसी भी आपत्तिजनक पोस्ट या गतिविधि को देखें, तो उसे न शेयर करें, न कमेंट करें। तुरंत अपने नजदीकी पुलिस स्टेशन या शहडोल पुलिस हेल्पलाइन- 9340751204, या कंट्रोल रूम 7049101052 पर सूचना दें।राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सौहार्द हम सबकी सामूहिक जिम्मेदारी है। इस समय संयम और समझदारी से काम लें और शांति बनाए रखने में पुलिस - प्रशासन का सहयोग करें।

## पंच परिवर्तन से राष्ट्र को उन्नत बनाया जा सकता है: अरूण पटेवार






**विजय मत, शहडोल**

सरस्वती शिशु मंदिर पाण्डवनगर में 15 दिवसीय विद्या भारती के आचार्य प्रषिक्षण वर्ग के अष्टम दिवस पर संवाद सत्र के मुख्य वक्ता अरूण पटेवार ने कहा कि किसी राष्ट्र की उन्नति इस बात पर निर्भर करती है कि उस राष्ट्र के नागरिकों की चिन्तन क्या है । अच्छे चिन्तन के लिए श्रेष्ठ षिक्षा की आवष्यकता है । परम पूज्य सर संघचालक जी के मातृसंगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में उनके आहवान पर आज पंच परिवर्तन जिसमें कुटुम्ब प्रबोधन, समरसता, स्व का बोध, पर्यावरण व नागरिक कर्तव्य समाहित है की महती आवष्यकता है । एकल परिवार, सामाजिक कुरीतियां, अतीत का तिरस्कार, पर्यावरण का दोहन व कर्तव्यों से विमुख होना राष्ट्र को कमजोर कर रहा है इसलिए हम पंच परिवर्तन से राष्ट्र को उन्नत बना सकते हैं । हम सभी को अपने अधिकारों के साथ सामाजिक नैतिक व संवैधानिक कर्तव्यों का पालन करना होगा ।

संवाद सत्र में प्रषिक्षण वर्ग के पालक अधिकारी राम बहोरी पटेल व शहडोल जिला सचिव रवि कुमार रजक की विषेष उपस्थिति रही । प्रषिक्षण वर्ग अवलोकन व मार्गदर्षन हेतु मध्यक्षेत्र के संगठन मंत्री अखिलेष मिश्रा जी का आगमन हुआ जिनका प्रबोधन अगले दिवस संवाद सत्र में प्राप्त होगा । प्रषिक्षण वर्ग में अमित दवे प्रांत संगठन मंत्री । षिवानन्द सिनहा, हरीराम तिवारी, रविषंकर शुक्ल, रविषंकर शुक्ल, बैकुण्ठ साह, रामषिरोमणि शर्मा, मनोज पुरी गोस्वामी, गुरूप्रसाद शुक्ला व प्रबंध समिति से संतोष कुमार लोहानी (व्यवस्थापक), विष्णुकांत मिश्रा (सह व्यवस्थापक), द्वारा सतत माग्दषर्न दिया जा रहा है ।

## तेन्दुपत्ता संग्राहको को उच्च गुणवत्ता के पत्ते संग्रहित करने हेतु प्रचार-प्रसार कर जागरूकता फैलायी जावे : डीएफओ

**विजय मत, शहडोल**

वन संरक्षक वन वृत्त शहडोल अजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन एवं वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल सुश्री श्रद्धा पन्द्रे एवं उप वनमण्डलाधिकारी बादशाह रावत के कुशल मार्गदर्शन मे गुरुवार को काष्ठागार नरसरहा शहडोल में समस्त नोडल अधिकारी, समस्त तेन्दुपत्ता प्रबंधको की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल द्वारा निर्देश दिये गये। समस्त नोडल अधिकारी, समस्त तेन्दुपत्ता प्रबंधको को बैठक में दिये गये निर्देश

प्रत्येक प्राथमिक लघुवनोपज समितियों एवं संयुक्त वन प्रबंधन समितियों अंतर्गत बैठक आयोजन किया जावे एवं तेन्दुपत्ता संग्राहको को उच्च गुणवत्ता के पत्ते संग्रहित करने हेतु प्रचार-प्रसार कर जागरूकता फैलायी जावे।

पढ़ी लिखि महिलाओं पत्तो की गुणवत्ता एवं गड्डी संख्या की गिनती हेतु नियुक्त किया जावे। साथ ही महिलाओं के द्वारा प्रचार-प्रसार कराकर तेन्दुपत्तो की चेकिंग करायी जावे।

09 मई से तेन्दुपत्ता संग्रहण हेतु जागरूतका अभियान चलाया जावे।

तेन्दुपत्ता संहग्रण की निगरानी हेतु एक जॉच दल गठित की जावे।

संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को प्राप्त राशि का उपयोग प्रचार-प्रसार करने, गुणवत्ता चेक करने एवं पीने के पानी की व्यवस्था करने हेतु किया जावे।

प्रबंधको को तेन्दुपत्ता मद से संचालित बाह्य स्थलीय रोपण एवं निर्माण कार्य की निगरानी हेतु निर्देश दिये गये तथा बाह्य स्थलीय रोपण के कार्यो को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिये गये। समस्त नोडल अधिकारी एवं परिक्षेत्राधिकारी बाह्य स्थलीय रोपण हेतु नर्सरी का भ्रमण कर पौधा रोपण हेतु पौधे की उपलब्धता सुनिश्चित करें। इसी प्रकार 9 मई को काष्ठागार नरसरहा शहडोल में समस्त तेन्दुपत्ता क्रेताओं की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में वनमण्डलाधिकारी दक्षिण शहडोल द्वारा निम्नानुसार निर्देश दिये

सीजन 2025 में वर्तमान में मौसम खराब होने के कारण 14 मई 2025 के पूर्व तेन्दूपत्ता संग्रहण का कार्य प्रारंभ न किये जाने हेतु तेन्दुपत्ता क्रेता/प्रतिनिधि द्वारा सुझाव दिया गया।

तेन्दूपत्ता समितियों अलग अलग दर पर विक्रीत हुयी है। अतः एक समिति क्षेत्र का तेन्दूपत्ता दूसरे समिति के संग्राहको द्वारा तोड़कर न ले जाने दिया जावे। इस हेतु सतत गश्ती / निगरानी रखी जावे। समिति क्षेत्र से लगी समितियो / दूसरे जिला यूनियन की समितियों के नोडल अधिकारी से समन्वय स्थापित करे।

## कोयला खदानों में सुरक्षा व्यवस्था और होगी सख्त :एरिया महाप्रबंधक



**विजय मत, धनपुरी**

कोयला खदानों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए एरिया प्रबंधन की ओर से लगातार प्रयास किया जा रहे हैं और इसके साथ-साथ व्यवस्थाओं को किस तरह से और बेहतर बनाया जाए इसे लेकर बैठक भी आयोजित कर रही है विगत दिनों भी महाप्रबंधक कॉन्फ्रेंस हॉल में सुरक्षा व्यवस्था को लेकर एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई इस बैठक में अध्यक्षता महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव ने की इस अवसर पर उपक्षेत्रीय प्रबंधक पी रमन्ना एरिया सुरक्षा अधिकारी अमित सिंह मौजूद थे।

एसईसीएल सोहागपुर एरिया के महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव की अध्यक्षता में आयोजित इस बैठक में संबंधित विभाग अध्यक्ष उप क्षेत्रीय प्रबंधक तथा सभी सुरक्षा प्रभारी की मौजूदगी में यह बैठक आयोजित की गई बैठक में एसआईएसएफ एवं सीआईएसएफ के प्रतिनिधियों के साथ यह समन्वय बैठक आयोजित की गई थी।

यह बैठक अगर देखा जाए तो काफी महत्वपूर्ण मानी जा रही थी और यही कारण था कि एरिया के वरिष्ठ अधिकारी भी इसमें शामिल हुए थे इस बैठक में कोयला खदानों में किस तरह से सुरक्षा व्यवस्था को और मजबूत किया जाए ताकि वहां पर चोरी की घटनाओं पर पूरी तरह से अंकुश लग सके इसके साथ-साथ इन्हें जो सुविधा दी जा रही है उसके साथ-साथ उन मुद्दों को लेकर भी चर्चा की गई और इस पर समीक्षा भी की गई।

बैठक में महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि कोयला खदानों में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाना हमारी सबसे पहली प्राथमिकता है ताकि खदानों से चोरी की घटनाएं घटित ना हो आज अगर देखा जाए तो खदानों में बड़ी मात्रा में कोयला मौजूद रहता है इसके साथ-साथ करोड़ों रुपए के बेस कीमती पाट्र्स भी खदानों में रखा होता है और उनकी सुरक्षा व्यवस्था बेहतर बनाने की दिशा में सभी उचित कदम उठाने जाना भी उतना ही महत्वपूर्ण है इस मौके पर उन्होंने कई बातों पर सभी की राय भी ली और इस बात का भरोसा भी दिया कि प्रबंधन की ओर से जो भी सुविधा होगी वह सभी प्रधान की जाएगी ताकि व्यवस्थाओं को और बेहतर किया जा सके इस बैठक में कई बातें रखी गई जिसे महाप्रबंधक संचालक ने गंभीरता से सुना और इस बात को लेकर अस्वस्त भी किया कि जो भी बातें उनके समक्ष आई है उसे पर पूरी तरह से ध्यान दिया जाएगा व्यवस्थाओं को मजबूत बनाने के लिए सभी कदम उठाए जाएंगे जो भी सुविधा होगी उसे बढ़ाने की दिशा में लगातार जो भी कम होंगे वह किए जाएंगे।

महाप्रबंधक संचालन मनीष श्रीवास्तव ने कहा कि कोयला उत्पादन को लेकर जितनी सजकता के साथ हम आगे बढ़ते हैं उतना ही हमें सुरक्षा व्यवस्था को लेकर भी ध्यान देना है कोयला खदानों में जहां-जहां बाउंड्री वॉल जर्जर है उनके सुधार को लेकर सभी प्रयास किए जाएंगे इतना ही नहीं सभी महत्वपूर्ण स्थान पर सुरक्षा व्यवस्था बढ़ाने की दिशा में भी अत्यधिक ध्यान देने की आवश्यकता है ताकि सुरक्षा मजबूत हो सके इतना ही नहीं इस बैठक में उन्होंने इस बात को भी कहा कि कोयला खदानों में बेवजह किसी का भी आना-जाना ना हो इसे लेकर भी विशेष रूप से निगरानी रखी जाए साथ ही कोयला खदानों में लगातार पेट्रोलिंग की जाए जिससे की सुरक्षा को मजबूत बनाया जा सके।

**जागरूकता**

### विवाह से पूर्व युवक और युवती दोनों को थैलेसीमिया का कराना चाहिए परीक्षण

# विश्व थैलेसीमिया दिवस पर जागरूकता रैली आयोजन




**विजय मत, उमरिया**

विश्व थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस. बी चौधरी के मार्गदर्शन पर जिले की सक्रिय युवाओं की टोली युवा टीम उमरिया के द्वारा जागरूकता कार्यक्रम व रैली का आयोजन किया गया। रैली का शुभारंभ माँ बिरासिनी क्रिकेट स्टेडियम परिसर बिरसिंहपुर पाली से किया गया। रैली गायत्री मंदिर मार्ग, हाईवे रोड, अंबेडकर चौक होते हुए ग्राउंड परिसर में समापन की गई।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एस. बी चौधरी ने बताया कि विवाह से पूर्व युवक व युवती दोनों को थैलेसीमिया परीक्षण अवश्य कराना चाहिए।साथ ही रक्तदान के लिए प्रेरित किया गया एवं सरकार द्वारा संचालित थैलेसीमिया संबंधी योजनाओं की जानकारी दी गई।थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों को संतुलित आहार देना आवश्यक है, परंतु गुड़, बादाम, बीन्स, रेड मीट एवं अन्य आयरन युक्त आहार से परहेज करना चाहिए।

टीम संयोजक हिमांशु तिवारी ने इस वर्ष के विश्व थैलेसीमिया दिवस की थीम एवं इसके स्लोगन के बारे में जानकारी दी गई। बताया कि यह विषय समाज को थैलेसीमिया के प्रति एकजुट होकर कार्य करने की प्रेरणा देता है।थैलेसीमिया एक रक्तजनित विकार है। जानकारी ही इसका बचाव है। हर व्यक्ति को थैलेसीमिया के बारे में जागरूक होना चाहिए। इससे थैलेसीमिया के प्रभाव को उचित चिकित्सीय और पुनर्वास सेवाओं द्वारा सीमित किया जा सके।उन्होंने ने बताया की थैलेसीमिया रोग के मुख्य लक्षण शरीर में खून की कमी होना, लीवर और तिल्ली का बढ़ना है। इस रोग के लक्षण जन्म के छह माह बाद सामने आते हैं। इस बीमारी के उपचार के लिए शरीर में बार-बार खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। जागरूकता रैली के दौरान टीम संयोजक हिमांशु तिवारी, मुस्कान महोबिया, संजीवनी पटेल, आस्था सिंह तोमर, लक्ष्मी महोबिया, रूद्र प्रधान,अतिव्य रजक, निरंजन कुशवाहा, वैष्णवी गुप्ता,अरुष शिवहरे, माही पटेल,शिव कोल,रागिनी बैगा व सभी उपस्थित रहे।



### कार्यालय वनमण्डलाधिकारी उत्तर शहडोल वनमण्डल म.प्र.

फोन नं0 07652-245167 ईमेल- dfotnshahd-mp@gov.in

| क्रमांक | सामग्री का विवरण | निविदा प्रारंभ | निविदा समाप्ति | सत्याकार निधि | निविदा दस्तावेजों का मूल्य |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | सेनेटरी सामग्री | 05.05.2025 | 19.05.2025 | 7500 | 1000 |

निविदा क्रमांक MPFD_2025 _421312_1 वानिकी एवं अद्योसंरचना कार्यों में प्रयोग होने वाली सैनेटरीसामग्री की आपूर्ती हेतु प्रकाशित की गयी है विस्तृत विवरण एमपी ई टेन्डर से प्राप्त करे।

वनमण्डलाधिकारी
वनमण्डल उत्तर शहडोल

G12609/25

# मध्यप्रदेश में बहेगी समृद्धि की जलधारा



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



डॉ. मोहन यादव
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश



देवेन्द्र फडणवीस
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

## 'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना'

## मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार के मध्य एमओयू

मुख्य अतिथि
**देवेन्द्र फडणवीस**
मुख्यमंत्री, महाराष्ट्र

अध्यक्षता
**डॉ. मोहन यादव**
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश

**10 मई, 2025 । अपराह्न 3:00 बजे । मिंटो हॉल, भोपाल**

### मध्यप्रदेश के 1 लाख से अधिक हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई सुविधा का होगा विस्तार

यह परियोजना मध्यप्रदेश और महाराष्ट्र सरकार की संयुक्त भू-जल पुनर्भरण की परियोजना है, इससे लाभान्वित होने वाले जिलों में कृषि उत्पादन में वृद्धि होगी

### सिंचाई सुविधा के साथ पेयजल और उद्योगों के लिए जल आपूर्ति

'तापी बेसिन मेगा रीचार्ज परियोजना' से भविष्य में जल की आवश्यकता की पूर्ति सुनिश्चित करने में सहायता मिलेगी

### लाभान्वित जिले

खंडवा जिले की खालवा तहसील एवं बुरहानपुर जिले में नेपानगर, खकनार और बुरहानपुर तहसीलें लाभान्वित होंगी



D-11022/25

सीधा प्रसारण
@Cmmadhyapradesh
@jansampark.madhyapradesh
@Cmmadhyapradesh
@jansamparkMP
JansamparkMP

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी
आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2025

संस्थापक
श्री रामसिपाही शुक्ल

# भारत ने आर्थिक प्रगति के बल पर आतंकवादी ठिकानों को किया नेस्तनाबूद

**प्रहलाद सबनानी**

भारत ने अंततः पाकिस्तान के कई आतंकवादी ठिकानों को नेस्तनाबूद कर ही दिया। भारत के इस कठोर कदम से भारतीय नागरिकों को संतुष्टि मिली है, विशेष रूप से उन परिवारों को जिन्होंने हाल ही में कश्मीर के पहलगाम में आतंकवादियों के हमले में अपने सगे सम्बन्धियों को खोया है। विश्व के लगभग समस्त देशों ने भारत के इस कदम का समर्थन ही किया है क्योंकि आतंकवादियों से अपने देश के नागरिकों की रक्षा करना किसी भी देश की सरकार का प्रथम कर्तव्य है। भारत को पाकिस्तान स्थित आतंकवादी ठिकानों पर हमले करने का साहस कहां से मिलता है। यह मिलता है भारतीय नागरिकों की एकजुटता से, वर्तमान केंद्र सरकार पर देश के नागरिकों का भरपूर विश्वास है एवं वह यह सोचती है सही समय पर एवं सही स्थान पर भारतीय सेना आतंकवादियों पर हमला करके अपने नागरिकों के मारे जाने का बदला जरूर लेगी। दूसरे, संभवतः भारत की लगातार मजबूत हो रही आर्थिक स्थिति से भी केंद्र सरकार को कठोर निर्णय लेने का बल मिलता है। इस संदर्भ में, हाल ही में अच्छी खबर यह आई है कि भारत जापान की अर्थव्यवस्था को पीछे छोड़ते हुए विश्व की चोथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन गया है एवं संभवतः वर्ष 2026 के अंत तक जर्मनी की अर्थव्यवस्था को भी पीछे छोड़ते हुए भारत विश्व की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा। भारतीय अर्थव्यवस्था आज भी विश्व की बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के बीच सबसे तेज गति से आगे बढ़ती अर्थव्यवस्था बनी हुई है। विश्व के लगभग समस्त वित्तीय संस्थान भारत के संदर्भ में यह भविष्यवाणी करते हुए दिखाई दे रहे है कि आगे आने वाले कई दशकों तक भारत इसी प्रकार विश्व में सबसे तेज गति से आगे बढ़ती हुई अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना रहेगा।




> भारत ने पिछले 10/11 वर्षों के दौरान वित्तीय क्षेत्र में कई सुधार कार्यक्रमों को लागू किया है। जिसका परिणाम स्पष्ट रूप से भारतीय अर्थव्यवस्था पर दिखाई देने लगा है। माह अप्रेल 2025 में वस्तु एवं सेवा कर संग्रहण नित नई ऊंचाईयां छूते हुए 2.37 लाख करोड़ रुपए के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गया है। यह सब देश के नागरिकों द्वारा अप्रत्यक्ष करों के नियमों का अनुपालन करने के चलते सम्भव हो पा रहा है। अप्रेल 2025 माह में ही फैक्ट्री उत्पादन के मामले में पिछले 10 माह के उच्चत्तम स्तर को पार किया गया है।

आज अंतरराष्ट्रीय बाजार में भारतीय रुपए की कीमत अमेरिकी डॉलर की तुलना में तेजी से बढ़ती जा रही है और यह अपने पिहले 7 माह के उच्चत्तम स्तर पर पहुंच गई है। और तो और, सरकारी उपक्रमों एवं निजी कम्पनियों की लाभप्रदता में भी भारी सुधार देखने में आ रहा है। वित्तीय वर्ष 2024-25 के दौरान भारतीय स्टेट बैंक ने 70,901 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। इसी प्रकार, रिलायंस इंडस्ट्रीज ने 69,621 करोड़ रुपए, एचडीएफसी बैंक ने 64,062 करोड़ रुपए, ओएनजीसी ने 49,221 करोड़ रुपए, टाटा कंसल्टैंसी सर्विसेज लिमिटेड ने 45,908 करोड़ रुपए, आईसीआईसीआई बैंक ने 44,256 करोड़ रुपए, इंडियन आइल कॉर्पोरेशन ने 41,729 करोड़ रुपए, लाइफ इन्शुरन्स कॉर्पोरेशन ने 40,915 करोड़ रुपए, कोल इंडिया लिमिटेड ने 37,402 करोड़ रुपए एवं टाटा मोटर्स लिमिटेड ने 31,399 करोड़ रुपए का लाभ अर्जित किया है। आपको ध्यान में होगा कि आज से कुछ वर्ष पर तक केंद्र सरकार को कई सरकारी उपक्रमों को चलायमान बनाए रखने के लिए लाखों करोड़ रुपए की सहायता केंद्रीय बजट के माध्यम से इन सरकारी उपक्रमों की करनी होती थी। आज स्थित एकदम बदल गई है एवं आज ये लगभग समस्त उपक्रम केंद्र सरकार के लिए कमाऊ पूत की भूमिका निभाते हुए नजर आ रहे हैं एवं करोड़ों रुपए का लाभांश केंद्र सरकार को उपलब्ध करा रहे हैं। यह सब केंद्र सरकार द्वारा इन उपक्रमों में सुधार कार्यक्रमों को लागू करने के चलते ही सम्भव हो सका है।

वर्ष 1991 में विदेशी मुद्रा भंडार के मामले में भारत भयावह स्थिति में पहुंच गया था तथा उस समय भारत के पास केवल 15 दिवस के आयात के बराबर ही विदेशी मुद्रा भंडार बच गया था और भारत को अपने स्वर्ण भंडार को ब्रिटेन के बैंकों में गिरवी रखकर विदेशी मुद्रा भंडार की व्यवस्था करनी पड़ी थी। आज स्थिति इस ठीक विपरीत है आज भारत के पास लगभग एक वर्ष के आयात के बराबर की राशि का विदेशी मुद्रा भंडार मौजूद है और यह 68,813 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर के ऊपर निकल गया है जो भारत के इतिहास में आज तक के उच्च्तम स्तर के बहुत करीब है। इसी प्रकार वित्तीय वर्ष 2024-25 में भारत से विभिन्न उत्पादों एवं सेवा क्षेत्र के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर 82,490 करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर पर पहुंच गए हैं। जिसके चलते भारत के विदेशी मुद्रा भंडार में अतुलनीय सुधार होता हुआ दिखाई दे रहा है। भारत से विभिन्न देशों को निर्यात में अभी और सुधार होता हुआ दिखाई देगा क्योंकि भारत ने हाल ही में ब्रिटेन के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते को अंतिम रूप दिया है इससे भारत के सेवा क्षेत्र को अत्यधिक प्रोत्साहन मिलने जा रहा है और ब्रिटेन में भारतीय इंजिनीयर एवं डाक्टर के साथ ही अन्य क्षेत्रों में कार्य करने के लिए भारतीयों की मांग में वृद्धि दृष्टिगोचर होगी। अमेरिका के साथ भी भारत का द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है और यूरोपीयन यूनियन देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौता दिसम्बर 2025 तक सम्पन्न होने की प्रबल सम्भावना है। इसके बाद भारत से विकसित देशों को निर्यात निश्चित रूप से बढ़ेंगे और इसके चलते बहुत सम्भव है कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में भारत के निर्यात अपने उच्चत्तम स्तर अर्थात एक लाख करोड़ अमेरिको डॉलर के स्तर को भी पार कर जाएं। यदि ऐसा होता है तो भारत में विदेशी मुद्रा भंडार भी एक लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के स्तर को पार कर सकते हैं क्योंकि अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतें भी कम होती हुई अर्थात लगभग 60 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर होती हुई दिखाई दे रही हैं जबकि भारत अपने उपयोग का 80 प्रतिशत से अधिक कच्चे तेल का आयात विभिन्न देशों से करता है। साथ ही, भारत को स्वर्ण के आयात को भी नियंत्रण में रखना होगा। इससे, भारतीय रुपए की कीमत अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर की तुलना में और अधिक मजबूत होगी।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# भारत की एकता ही देश की शक्ति है

पाकिस्तान के प्रोपेगेंडा एजेंट्स ने अलगाववादी संगठन सिख फॉर जस्टिस (SFJ) के प्रमुख गुरपतवंत सिंह पन्नू का एक वीडियो भी प्रसारित किया, जिसमें उसने सिखों को कहा है यदि भारत और पाकिस्तान के साथ युद्ध होता है तो सिख साथ ना दें भारत गुरू तेग बहादुर को हिन्द का चादर कहती है और गोविन्द सिंह को पूजती है क्योंकि उन्होंने इस्लाम धर्म को स्वीकार करने से मना कर दिया पहले मुग़ल काल में हिन्दू को ही बहुत तेजी से मुस्लिम धर्म में धर्मान्तरण करा रहा था तभी एक ? कार सतनाम का अलख लेकर गुरूनानक देव जी धर्म की रक्षा के लिए आए और कट्टरवादी और हिंसा को फैलने से रोका उसके बाद सबों गुरू ने उनके मार्गदर्शन पर चले उस समय हिन्दू ही जो अलग अलग जाति में बंटकर डर से इस्लाम धर्म में धर्मान्तरण हो रहा था उन्ही को एक जुट किया और सवको बताया ईश्वर एक है अतः जो कट्टरवादी सोच से अपने को इस्लाम में परिवर्तन कर रहें वो ना करें ऐसा माना जाता है कि वो राम भक्त थे इसलिए गुरूग्रन्थ साहिब में भगवान राम का नाम कई बार आता है गुरु गोविन्द सिंह कहते हैं सवा लाख से एक लड़ाऊं, चिड़ियन ते मैं बाज तुड़ाऊं, तबै गुरु गोबिंद सिंह नाम कहाऊं ये वाक्य गुरु गोबिंद सिंह जी के साहस और वीरता को दर्शाता है। इसका अर्थ है कि अगर मैं सवा लाख लोगों से अकेला भी लडूं, तो भी मैं बाज को चिड़ियों से भी श्रेष्ठ बना दूंगा, तभी मेरा नाम गुरु गोबिंद सिंह कहलाएगा। यह वाक्य सिख धर्म में वीरता और बलिदान की भावना को दर्शाता है।

यह वाक्य गुरु गोबिंद सिंह जी की वीरता और साहस को दर्शाने के लिए प्रयोग किया जाता है। यह दर्शाता है कि अगर कोई व्यक्ति लक्ष्य निर्धारित कर ले, तो वह कितना भी कठिन क्यों न हो, उसे प्राप्त करके रहता है। यह वाक्य भारत की वीर परंपरा का प्रतीक भी है। दो अतः सारा हिदुस्तान ही गुरू के आदर्श च उनकी महानता पर गर्व करता है जो कहा है गुरू गोविन्द सिंह जी ने कहा है सुरा सो पहचानिए, जो लड़े दीन के हेत पुर्जा पुर्जा कट मरे, कभौ न छड्डे खे़त यानि बहादुर वही है जो गरीबों के लिए लड़ता है।

**नोट**

सम्पादकीय पृष्ठ पर प्रकाशित लेख-आलेख एवं विचार लेखक के व्यक्तिगत विचार हैं अतः यह जरूरी नहीं है कि विजय मत समूह उपरोक्त लेख या विचारों से सहमत हो। किसी लेख से जुड़े सभी दावे या आपत्ति के लिए सिर्फ लेखक ही जिम्मेदार हैं।

# भारत को पाक के खिलाफ मिलट्री एक्शन की दरकार है- पूरी हुई रणनीतिक तैयारी, अब एक्शन की बारी

**किशन सनमुखदास भावनानी**

वैश्विक स्तरपर पूरी दुनियाँ की नजरें भारत पर लगी हुई है कि भारत कब पाक़ के खिलाफ मिलिट्री एक्शन शुरू करता है। हालांकि इसपर भारतीय नागरिकों की भी नज़रें लगी हुई है, जिससे ऐसा महसूस हो रहा है कि अब समय आ गया है कि पाक़ पर मिलिट्री कार्यवाही जल थल वायु जो किसी भी स्थिति में हो, शुरू करने की जरूरत है,परंतु मेरा मानना है कि अभी जो भारत सरकार उच्चस्तर पर रणनीति के तहत चल रही है, वह सही भी है क्योंकि युद्ध शुरू करने के पहले उसके लॉन्ग टाइम इफेक्ट्स, नागरिकों पर प्रभाव, अंतर्राष्ट्रीय सोच सहयोग सहित अनेक कूटनीतिक, डिप्लोमेसी सहित अनेक रणनीतियां होती है,जिससे दुश्मन को आधा परास्त तो ऐसे ही कर दिया जाता है, बाकी बचाकुचा तीनों अंगों की सैन्य कार्रवाई से पूरा हो सकता है। 5 मई 2025 को देर शाम केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सिविल मॉक ड्रिल के आदेश जारी कर दिए गए हैं जो सभी राज्योंकेंद्रशासित प्रदेशों को 7 मई 2025 को करने होंगे, इसके पहले पाक़ को घुटने टिकाने अनेक आदेश जारी किए गए हैं, अंतरराष्ट्रीय सहयोग प्राप्त कर रहे हैं, इसी कड़ी में 5 मई 2025 कोही रूस के राष्ट्रपति ने भी संचार माध्यम से भारतीय पीएम से बात कर अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद के खिलाफ प्रतिबद्धता जताई।अब सिविल मॉक ड्रिल आदेश को आधार बनाकर आज हम मीडिया में उपलब्ध जानकारी के सहयोग से इस आर्टिकल के माध्यम से चर्चा करेंगे,भारत-पाक युद्ध की दस्तक?54 वर्षों के बाद 7 मई 2025 को सभी राज्यों केंद्र शासित प्रदेशों को केंद्र ने सिविल मॉक ड्रिल के आदेश जारी किए हैं।



> साथियों बात अगर हम भारत- पाक युद्ध की संभावित दस्तक की करें तो, गृह मंत्रालय ने 1971 के बाद पहली बार 7 मई को देशव्यापी सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल के निर्देश दिए हैं।पीएम द्वारा पिछले 7 दिनों में तीनों सेना प्रमुखों और रक्षा सचिव से मुलाकातों के बाद सैन्य तैयारियों की समीक्षा की गई है, जिसमें कहा गया है कि भारत की प्रतिक्रिया का समय, तरीका और लक्ष्य तीनों सेनाएं खुद तय करेंगी।पाक से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी।

यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।7 मई को कौन-कौन से राज्यों में मॉक ड्रिल होगी। अभी इसकी जानकारी सामने नहीं आई है।पाक से तनाव के बीच केंद्र सरकार ने देश के 244 जिलों में 7 मई को मॉक ड्रिल करने के लिए कहा है। इसमें नागरिकों को हमले के दौरान खुद को बचाने की ट्रेनिंग दी जाएगी। यह इसलिए किया जा रहा है ताकि युद्ध की स्थिति में लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित की जासके।हालांकि रविवारसोमवार रात पंजाब के फिरोजपुर छावनी में ब्लैकआउट प्रैक्टिस की गई। इस दौरान गांवों और मोहल्लों में रात 9 बजे से 9-30 बजे तक बिजली बंद रही।दरअसल, 22 अप्रैल को जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में बड़ा आतंकी हमला हुआ, जिसमें 26 लोगों की मौत हुई। इसके बाद भारत और पाकिस्तान के बीच तनाव बढ़ गया है। सरकार किसी भी संभावित खतरे से पहले तैयारी करना चाहती है।

साथियों बात अगर हम सिविल डिफेंस मार्क ड्रिल को समझने की करें तो, (1) मॉक ड्रिल यानी एक तरह की प्रैक्टिस जिसमें हम यह देखतेहैं कि अगर कोईइमरजेंसी (जैसे एयर स्ट्राइक या बम हमला) हो जाए, तो आम लोग और प्रशासन कैसे और कितनी जल्दी रिएक्ट करता है (2) ब्लैकआउट एक्सरसाइज का मतलब है कि एक तय समय के लिए पूरे इलाके की लाइटें बंद कर देना। इसका मकसद यह दिखाना होता है कि अगर दुश्मन देश हमला करे,तो इलाके को अंधेरे में कैसे सुरक्षित रखा जा सकता है। इससे दुश्मन को निशाना साधने में मुश्किल होती है।ड्रिल में होंगे ये प्रमुख कदम - (1) एयर रेड सायरन की टेस्टिंग- दुश्मन हमले के समय चेतावनी देने वाले सायरनों की जांच और एक्टिवेशन होगा। (2) सिविल डिफेंसट्रेनिंग- आम लोगों को सिखाया जाएगा कि वे हमले के वक्त कैसे सुरक्षित रहें। (3) ब्लैकआउट की व्यवस्था- हमले के वक्त रोशनी पूरी तरह बंद करने की ट्रेनिंग दी जाएगी। (4) कैमोफ्लाज की तैयारी-देश के महत्वपूर्ण प्लांट्स और ठिकानों को छिपाने की तकनीक अपनाई जाएगी। (5) इवैक्यूएशन प्लान- आपात स्थिति में लोगों को निकालने की योजना को अपडेट किया जाएगा और उसका अभ्यास भी होगा।

साथियों बात अगर हम भारत पाक तनाव चरम परपहुंचने की करें तो,सिविल डिफेंस मॉक ड्रिल करने का निर्देश दिया है। इसका मकसद है देश को किसी भी संभावित खतरे के लिए तैयार करना।ये ड्रिल देशवासियों को जागरूक करने और उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने की दिशा में एक बड़ा कदम है।गृह मंत्रालय ने राज्यों को कई अहम निर्देश दिए हैं।सबसे पहले,हवाई हमले कीचेतावनी देने वाली सायरन की जांच की जाएगी ताकि जरूरत पड़ने पर लोग तुरंत सतर्क हो सकें। इसके अलावा, आम नागरिकों और स्कूली बच्चों को ट्रेनिंग दी जाएगी कि हमले की स्थिति में खुद को कैसे सुरक्षित रखना है। रात के समय ब्लैक आउट की प्रक्रिया को भी लागू किया जाएगा ताकि हवाई हमलों के दौरान शहरों की रोशनी दुश्मन को नजर न आए। महत्वपूर्ण इमारतों और ठिकानों को छिपाने के लिए छलावरण की तकनीक का इस्तेमाल होगा। साथ ही,आपातकाल में लोगों को सुरक्षित स्थानों पर ले जाने के लिए निकासी योजनाओं को अपडेट किया जा रहा हैं।

साथियों बात अगर हम पाक के खिलाफ मिलिट्री कार्रवाई की गूंज की करें तो, पहलगाम अटैक को पूरे दो हफ्ते हो गए हैं, आज 14 वां दिन है, इन 14 दिनों में सिर्फ बैठकें हुई हैं, बड़ी-बड़ी बैठकें, डिप्लोमेटिक एक्शन हुए हैं, पाक का पानी रोकने पर एक्शन हुआ, पाक का पैसा बंद करने पर भी बात हो रही है लेकिन सबसे बड़ा सवाल तो ये है कि 26 निर्दोष लोगों के हत्यारे पर सीधा हमला कब होगा, भारत पाक पर कब अटैक करेगा। भारत की सेना लाहौर, इस्लामाबाद का रुख कब करेगीइंडियन एयरफोर्स के जेट पाकिस्तान मिलिट्री के इंस्टॉलेशन को निशाना कब बनाएंगे,ये देश की मंशा है।देश यही चाहता है लेकिन ये कब होगा, ये कोई नहीं जानता।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं)- साभार**

# जय हिंद ... जय हिंद की सेना

**राधा रमण**

दुनिया जानती है कि मानव सभ्यता के लिए आतंकवाद सबसे बड़ा खतरा है और पड़ोसी देश पाकिस्तान इसका पोषक। इसको लेकर भारत समय-समय पर अंतर्राष्ट्रीय फोरम पर मामला उठाते रहा है। देश की आजादी के बाद से ही पाकिस्तान के शासक और पाकिस्तान की सेना को जब भी मौका मिला उन्होंने भारत और भारतीयों के सीने में खंजर भोंकने की कोशिश की। देश ने हर बार इसका प्रतिवाद किया लेकिन दुष्ट पड़ोसी पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आता है। आजादी के बाद पाकिस्तान ने 1965, 1971 और 1999 में भारत से आमने-सामने की युद्ध किया और हर बार बुरी तरह पराजित हुआ। उसके सैनिकों तक ने सरेंडर किया। उसकी सैकड़ों एकड़ जमीन भारत के कब्जे में आई। लेकिन हर बार माफी मांगने के बाद भारत ने उसे माफ़ कर दिया। कहने की जरूरत नहीं कि दुनिया को अब पता चल गया है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अगुवाई में आज का भारत नया भारत है। यह न तो किसी पर अन्याय करता है न अन्याय सहता है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह तो वर्षों से कहते रहे हैं कि 'हम किसी को छेड़ेंगे नहीं और अगर किसी ने अकारण छेड़ा तो छोड़ेंगे भी नहीं।' ताजा मामला पिछले माह की 22 अप्रैल का है जब परिवार के साथ पहलगाम के बायसरन घूमने गए निहत्थे पर्यटकों पर पाकिस्तान पोषित आतंकियों ने अंधाधुंध फायरिंग कर दी और धर्म पूछ-पूछकर 26 लोगों की नृशंस हत्या कर दी। दुखद और दर्दनाक यह कि उन्होंने महिलाओं के सामने ही उनके पतियों को मारकर उनकी मांग का सिन्दूर पोंछ दिया। यही नहीं तब से लेकर 6 मई की रात तक पाकिस्तानी सेना सीमा पर लगातार संघर्ष विराम का उल्लंघन करती रही। आखिर भारत कब तक चुप बैठता ! हमारे प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और रक्षा मंत्री लगातार दुनिया के देशों को पाकिस्तान की हरकत बताते रहे, लेकिन स्थिति में सुधार नहीं हुआ। आखिर में सरकार ने सर्वदलीय बैठक बुलाकर देश के विपक्षी दलों से उनकी राय पूछी तो सबने मुक्तकंठ से सरकार को देश रक्षा के लिए कदम उठाने की खुली छूट दे दी। नतीजतन, राष्ट्रपति की सलाह पर सरकार ने पाकिस्तान को सबक सिखाने के लिए सेना को फ्री हैंड दे दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारतीय बेटियों के सामने उनकी मांग का सिन्दूर पोंछनेवाले आतंकियों को सबक सिखाने के लिए इस मिशन का नाम 'ऑपरेशन सिन्दूर' रखा और कहा कि, समय, स्थान और तरीका सेना खुद तय करे।

**(यह लेखक के निजी विचार हैं) -साभार**

## शब्द पहेली - 8362

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | ■ | 4 | 5 |
| | ■ | 6 | | ■ | 7 | 8 | ■ | |
| 9 | 10 | | ■ | 11 | ■ | 12 | 13 | |
| ■ | | ■ | 14 | | 15 | ■ | | ■ |
| 16 | | | | ■ | 17 | | | |
| ■ | | ■ | 18 | 19 | | ■ | | ■ |
| 20 | | 21 | ■ | | ■ | 22 | | 23 |
| | ■ | 24 | 25 | ■ | 26 | | ■ | |
| 27 | | ■ | | ■ | | ■ | 28 | |

**बाएँ से दाएँ**

1. ध्वज, पताका-2
4. वहम, संदेह-2
6. दलहन-2
7. खाली, रिक्त-2
9. रसूल, अल्लाह-3
12. अभिनेत्री मुनमुन सेन की पुत्री का सिर्फ नाम-3
14. सिवाय, बगैर-3
16. इराक की राजधानी-4
17. समधी की पत्नी-4
18. पीसना, महीन करना-3
20. उष्ण, गर्म-3
22. उत्तम, विष्णु अवतार-3
24. परत, तह-2
26. खेती-2
27. अधर, होठ-2
28. ताऊ की पत्नी, बड़ी मां-2

**ऊपर से नीचे**

1. जल प्रपात-3
2. आईल-2
3. हूर, अप्सरा-2
5. सूक्ति, वाणी, शबद-3
6. पिता के पिता-2
8. स्टार, सितारा-2
10. रोचक, सुंदर, मनोहारी-5
11. शीतलता, मुठभेड़-2
13. सतरंगा, शंकर धनुष-5
14. सिर्फ एक, एकमात्र-3
15. हवस, कामेच्छा-3
19. लाख-2
20. जहर, विष-3
21. आनंदित, मनमौजी-2
22. मुनि, साधू-2
23. अच्छाई, सदशयता-3
25. सुरक्षा-2
26. कीड़ा, कीट-2


**शब्द पहेली -8361 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ■ | जी | स | स | ■ | ग | ब | रु | ■ |
| न | भ | ■ | ज | ■ | र | ■ | त | ह |
| जा | ■ | ■ | ग | र | ज | ना | ■ | ल |
| रा | ह | त | ■ | स्म | ■ | म | ह | क |
| ■ | ■ | र | ज | ■ | रां | ची | ■ | ■ |
| ज | न | क | ■ | खा | ■ | न | स | ल |
| मी | ■ | श | ब | न | म | ■ | ■ | ह |
| न | म | ■ | हा | ■ | ज | ■ | जो | र |
| ■ | त | ल | ना | ■ | मा | लि | श | ■ |

Jagrutidaur.com, Bangalore

## दैनिक पंचांग

**10 मई 2025 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति**




| ग्रह स्थिति | | लग्नारंभ समय | |
|---|---|---|---|
| सूर्य | मेष में | वृष | 05.42 बजे से |
| चंद्र | कन्या में | मिथुन | 07.40 बजे से |
| मंगल | कर्क में | कर्क | 09.53 बजे से |
| बुध | मेष में | सिंह | 12.09 बजे से |
| गुरु | वृष में | कन्या | 14.21 बजे से |
| शुक्र | मीन में | तुला | 16.32 बजे से |
| शनि | मीन में | वृश्चिक | 18.47 ब.से |
| राहु | मीन में | धनु | 21.03 बजे से |
| केतु | कन्या में | मकर | 23.08 बजे से |
| राहुकाल | | कुंभ | 00.54 बजे से |
| 9.00 से 10.30 | | मीन | 02.27 बजे से |
| बजे तक | | मेष | 03.58 बजे से |

**शनिवार** 2025 वर्ष का 130 वा दिन
**दिशाशूल** पूर्व **ऋतु** ग्रीष्म।
**विक्रम संवत्** 2082 **शक संवत्** 1946
**मास** वैशाख **पक्ष** शुक्ल
**तिथि** त्रयोदशी 17.30 बजे को समाप्त।
**नक्षत्र** चित्रा 03.15 बजे रात्र को समाप्त।
**योग** सिद्धि(असृक) 04.01 बजे रात्र को समाप्त।
**करण** तैतिल 17.30 बजे रात्र को समाप्त।
**चन्द्रायु** 12.2 घण्टे
**रवि क्रान्ति** उत्तर 17° 38'
**सूर्य** उत्तरायन
**कलि अहर्गण** 1872340
**जूलियन दिन** 2460805.5
**कलियुग संवत्** 5125
**कल्पारंभ संवत्** 1972949123
**सृष्टि ग्रहारंभ संवत्** 1955885123
**वीरनिर्वाण संवत्** 2551
**हिजरी सन्** 1446
**महीना** जिल्काद **तारीख** 11

| दिन का चौघड़िया | | | | रात का चौघड़िया | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| काल | 05.55 से | 07.23 | बजे तक | लाभ | 05.37 से | 07.10 | बजे तक |
| शुभ | 07.23 से | 08.51 | बजे तक | उद्वेग | 07.10 से | 08.42 | बजे तक |
| रोग | 08.51 से | 10.19 | बजे तक | शुभ | 08.42 से | 10.14 | बजे तक |
| उद्वेग | 10.19 से | 11.46 | बजे तक | अमृत | 10.14 से | 11.47 | बजे तक |
| चर | 11.46 से | 01.14 | बजे तक | चर | 11.47 से | 01.19 | बजे तक |
| लाभ | 01.14 से | 02.42 | बजे तक | रोग | 01.19 से | 02.51 | बजे तक |
| अमृत | 02.42 से | 04.10 | बजे तक | काल | 02.51 से | 04.23 | बजे तक |
| काल | 04.10 से | 05.37 | बजे तक | लाभ | 04.23 से | 05.56 | बजे तक |

**चौघड़िया शुभाशुभ- शुभत्व श्रेष्ठ** शुभ, अमृत व लाभ, **मध्यम** चर, **अशुभ** उद्वेग, रोग व काल। सभी समय भारतीय मानक समय की मध्य रेखा बिन्दु के आधार पर है अतः आप अपने स्थानीय समयानुसार ही देखें। Jagrutidaur.com, Bangalore

## न्यूज इन शॉर्ट



### गुम हुई नाबालिग बालिका को जैतहरी पुलिस ने किया दस्तयाब

अनूपपुर। थाना जैतहरी पुलिस ने एक बार फिर मानवीय संवेदनशीलता और कर्तव्यनिष्ठा का परिचय देते हुए तीन दिन से लापता एक नाबालिग बालिका को दस्तयाब कर उसके माता-पिता के सुपुर्द कर दिया। यह कार्रवाई पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक इसरार मंसूरी एवं अनुविभागीय अधिकारी अनूपपुर के मार्गदर्शन में की गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 06 मई 2025 को फरियादी द्वारा थाना जैतहरी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी कि उसकी नाबालिग पुत्री कुमारी (बदला हुआ नाम) आरती कोल दिनांक 05 मई को दोपहर 1 बजे बिना बताए घर से कहीं चली गई है। मामले को गंभीरता से लेते हुए थाना जैतहरी में अपराध क्रमांक 187/25, धारा 137(2) बीएनएसएस के तहत प्रकरण दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई। पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए विभिन्न स्रोतों से जानकारी एकत्र कर संभावित ठिकानों पर दबिश दी और दिनांक 09 मई 2025 को अपहृता को सकुशल दस्तयाब कर लिया। इसके पश्चात आवश्यक कानूनी औपचारिकताओं के उपरांत उसे माता-पिता को सौंप दिया गया।इस सफल कार्रवाई में उप निरीक्षक विपुल शुक्ला, सहायक उप निरीक्षक रवि शंकर गुप्ता, महिला प्रधान आरक्षक लेखन बत्ती एवं प्रधान आरक्षक विजय पांडे की विशेष भूमिका रही, जिनकी टीम वर्क और सतर्कता की सराहना की जा रही है।

### ग्राम पटना में लगी ट्रैफिक चौपाल, ग्रामीणों को सिखाए गए यातायात नियम




अनूपपुर।सड़क हादसों पर लगाम लगाने और यातायात नियमों के प्रति ग्रामीणों को जागरूक करने के उद्देश्य से अनूपपुर ट्रैफिक पुलिस द्वारा ग्राम पंचायत पटना में शुक्रवार को 'ट्रैफिक चौपाल' का आयोजन किया गया। इस नवाचारी पहल के तहत स्थानीय ग्रामीणों को हेलमेट, सीट बेल्ट, स्पीड लिमिट और सुरक्षित ड्राइविंग जैसे विषयों पर जानकारी दी गई। कार्यक्रम की शुरुआत ग्राम सरपंच श्रीमती तिजिया बैगा की उपस्थिति में हुई। यातायात प्रभारी ज्योति दुबे के मार्गदर्शन में आयोजित इस जागरूकता अभियान में करीब 68 ग्रामीणों ने भाग लिया। उपस्थित लोगों को सड़क पर सुरक्षित चलने के तरीके, ब्रेकिंग डिस्टेंस का महत्व, ओवरटेकिंग के सही तरीके, %ड्रिंक एंड ड्राइव% से होने वाले खतरे और %ओवर स्पीडिंग% के दुष्परिणामों की विस्तृत जानकारी दी गई। चौपाल के दौरान卐गुड सेमेरिटन योजना और हिट एंड रन पीड़ित प्रतिकर योजना卐 के बारे में भी बताया गया, जिससे दुर्घटना के समय सहायता करने वाले नागरिकों को कानूनी सुरक्षा और पीड़ितों को राहत मिले। कार्यक्रम के दौरान ग्राम पटना के तीन सक्रिय नागरिक–दुर्गेश सिंह, सुभाष कुमार और नारायण सिंह को 'ट्रैफिक मित्र' के रूप में चयनित किया गया। ये लोग अब गांव में सड़क सुरक्षा जागरूकता फैलाने में पुलिस का सहयोग करेंगे। जल्द ही उन्हें पुलिस अधीक्षक द्वारा आधिकारिक सदस्यता दिलाई जाएगी। अनूपपुर पुलिस अधीक्षक मोती-उर-रहमान द्वारा इस पहल की शुरुआत की गई है, जिसमें जिले के विभिन्न ग्रामीण क्षेत्रों में जाकर ट्रैफिक चौपाल आयोजित की जा रही हैं। इसका उद्देश्य सड़क दुर्घटनाओं को कम करना और नियमों के प्रति संवेदनशीलता बढ़ाना है।

### पंप ऑपरेटरो को कोतमा में दिया गया एक दिवसीय प्रशिक्षण

अनूपपुर । जल जीवन मिशन के तहत एकल ग्राम नल जल योजनाओ के पंप चालकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण लोक स्वास्थ्य यंत्रिकी विभाग द्वारा जनपद सभागार कोतमा मे आयोजित किया गया। पंप ऑपरेटरो ने नल जल योजनाओं के संचालन के संबंध में विस्तार से प्रशिक्षण प्राप्त किया।

### आतंकवाद पर करारा प्रहार, ऑपरेशन सिंदूरः उप मुख्यमंत्री

रीवा। उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में आतंकवाद के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूरश् के तहत निर्णायक और योजनाबद्ध कार्रवाई की गई है, उससे पूरे देश में खुशी की लहर है। उप मुख्यमंत्री ने ऑपरेशन सिंदूर के तहत की गई कार्यवाही पर मीडिया से विचार साझा करते हुए कहा कि देश की जनता को भरोसा था कि मोदी जी पहलगाम में हुए उस कायराना हमले काए जिसमें हमारी बहनों और माताओं के सिंदूर को उजाड़ने का कुत्सित प्रयास किया गया था, ठोस और निर्णायक जवाब जरूर देंगे। आज पूरा देश देख रहा है कि किस प्रकार आतंक के बड़े अड्डों को ध्वस्त कर आतंकवाद को ज? से समाप्त करने की दिशा में कदम बढ़ाया गया है।उप मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री मोदी के को इस दृढ़ और साहसी नेतृत्व के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि अब समय आ गया है जब राजनीतिक मतभेदों से ऊपर उठकर समस्त देशवासी एकजुट हों। उन्होंने कहा कि यह आवश्यक है कि हम सभी एक स्वर में राष्ट्रहित में ख? हों और सरकार का समर्थन करें। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि १ऑपरेशन सिंदूरश् के सफल संचालन से यह स्पष्ट हो गया है कि भारत अब किसी भी आतंकी हमले को सहन नहीं करेगा और हर हमले का जवाब दुगुनी ताकत से देगा।

## गुनहगार चाहे कोई भी हो, अब नहीं बचेगा — शासन और समाज दोनों ने एक सुर में दी चेतावनी

# पशु तस्करी पर चलेगा प्रशासन का बुलडोजर, आरोपियों का अवैध निर्माण आज दोपहर होगा ध्वस्त

**विजय मत, अनूपपुर**

अब पशु तस्करी जैसे घिनौने अपराध करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। कोतमा थाना क्षेत्र में पशु तस्करी और अवैध हथियारों के मामले में पकड़े गए मकान मालिक बल्लू वाजिद के खिलाफ प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया है। शनिवार दोपहर 2 बजे नगर पालिका, पुलिस और राजस्व विभाग की संयुक्त टीम उसके अवैध निर्माण पर बुलडोजर चलाएगी। इस मामले ने तब तूल पकड़ा जब विश्व हिंदू परिषद और बजरंग दल ने शुक्रवार को थाना घेराव की चेतावनी दी। स्थिति बिगड़ने से पहले एएसपी इसरार मंसूरी ने संगठन के पदाधिकारियों से मुलाकात की और दो दिन में गिरफ्तारी का आश्वासन दिया। इसके बाद पदाधिकारी नगर पालिका कार्यालय पहुंचे और तत्काल बुलडोजर कार्रवाई की मांग की, जिसे प्रशासन ने स्वीकार किया।




### प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने खुद कमान संभाली

शुक्रवार को जिला कार्यालय में हुई उच्चस्तरीय बैठक में प्रभारी मंत्री दिलीप अहिरवार ने कलेक्टर और एसपी को सख्त निर्देश दिए ।पशु तस्करी में शामिल किसी भी व्यक्ति को बख्शा न जाए। चाहे वह किसी भी पक्ष या प्रभावशाली वर्ग से क्यों न हो। मंत्री ने कहा कि यह समाज और धर्म के खिलाफ अपराध है, और जो इसमें शामिल हैं, वे भगवान के भी दोषी हैं। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को 48 घंटे के भीतर ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए।

हालांकि बल्लू वाजिद के खिलाफ कार्रवाई हो रही है, लेकिन पप्पू बैटरी, थाने में पदस्थ बृजेश पांडे, और दीपक (जिसका नाम मौके पर लिया गया) जैसे नामों पर अब तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है। सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और स्थानीय गवाहियों के बावजूद इन लोगों को बचाया जाना पुलिस की निष्पक्षता पर सवाल खड़े करता है। अब समय आ गया है कि प्रशासन दिखावे की कार्रवाई नहीं, जड़ों तक पहुंचकर पूरे गिरोह का सफाया करे। समाज जाग गया है, जनता की आंखें खुली हैं और सवाल अब केवल प्रशासन से है कब तक बचाओगे और किन्हें बचाओगे?




## आमाडांड खुली खदान में कोयले की खुली लापरवाही

### काला हीरा जलकर बन रहा राख, प्रबंधन की अनदेखी से कंपनी को करोड़ों का नुकसान

**विजय मत, अनूपपुर**

क्षेत्र की जीवनरेखा कही जाने वाली आमाडांड खुली कोयला खदान इन दिनों गंभीर लापरवाही और कुप्रबंधन की शिकार है। कोयले को काला हीरा कहा जाता है, लेकिन यहां इस काले हीरे को बेकार बनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी जा रही है। जानकारी के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2023-24 में खदान में लगभग तीन लाख टन कोयले का स्टॉक रखा गया था, जिसकी गुणवत्ता जी8 ग्रेड की मानी जाती है। लेकिन खदान प्रबंधन द्वारा उसमें जानबूझकर सेल पत्थर (कचरा पत्थर) मिला दिया गया, जिससे उसकी गुणवत्ता बुरी तरह प्रभावित हुई।



**बेचने लायक नहीं रहा कोयला, कंपनी को लगा बड़ा झटका**

गुणवत्ता में गिरावट के कारण अब इस कोयले को बाजार में कोई खरीदार नहीं मिल रहा है। स्थिति यह है कि वर्षों से पड़ा यह कोयला न सिर्फ अनुपयोगी हो गया है, बल्कि अब खतरनाक रूप से जलने भी लगा है। स्थानीय सूत्रों की मानें, तो पुराने स्टॉक में लगातार आग लगी हुई है और प्रतिदिन लगभग 15 से 20 टन कोयला जलकर राख में तब्दील हो रहा है। यह आग न केवल पर्यावरण के लिए खतरा बन रही है, बल्कि कंपनी को करोड़ों रुपये का नुकसान भी पहुंचा रही है।

**ऊंचे ग्रेड के कोयले को भी किया जा रहा बर्बाद**

इससे भी अधिक चौंकाने वाली बात यह है कि नीलकंठ कंपनी द्वारा खदान से निकाले जा रहे उच्च गुणवत्ता के कोयले को भी इसी पुराने स्टॉक के ऊपर डंप किया जा रहा है। इससे नया कोयला भी प्रदूषित हो रहा है। आरोप है कि कुछ लोगों की मिलीभगत से इस कोयले को रोड सेल के जरिए बेचा जा रहा है, जिससे निजी जेबें तो भर रही हैं, लेकिन कंपनी को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है।

**संगठन की चेतावनी को किया नजरअंदाज**

कोयला मजदूर सभा जैसे जिम्मेदार श्रमिक संगठनों ने इस स्थिति को लेकर कई बार खदान प्रबंधन को लिखित एवं मौखिक रूप से सुझाव दिया कि पुराने कोयले को गोविंदा साइडिंग भेजकर उसकी बिक्री कर दी जाए, जिससे नुकसान को रोका जा सके। लेकिन प्रबंधन ने इन सलाहों को पूरी तरह नजरअंदाज कर दिया। संगठन का कहना है कि यह केवल आर्थिक नुकसान नहीं है, बल्कि राष्ट्र की संपत्ति को नष्ट करने के बराबर है।

**क्या कहता है संगठन?**

कोयला मजदूर सभा के प्रतिनिधियों का कहना है, हम एक जिम्मेदार संगठन हैं और हमारा कर्तव्य है कि कंपनी और राष्ट्र को हो रहे नुकसान को रोका जाए। हम इस मुद्दे को उचित मंचों पर बार-बार उठाएंगे और तब तक उठाते रहेंगे जब तक इस पर ठोस कार्यवाही न हो।

## नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

**विजय मत, अनूपपुर**

म0प्र0 राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्रीमती माया विश्वलाल के निर्देशानुसार 10 मई को जिला एवं सत्र न्यायालय अनूपपुर एवं तहसील सिविल न्यायालय कोतमा/ राजेन्द्रग्राम में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में अधिक से अधिक प्रकरणों के निराकरण हेतु जिला स्तर पर 08 खण्डपीठ, तहसील सिविल न्यायालय कोतमा हेतु 03 खण्डपीठ एवं राजेन्द्रग्राम हेतु 03 खण्डपीठ का गठन किया गया है। इस प्रकार जिले में कुल 14 खण्डपीठों का गठन किया गया है। उक्त नेशनल लोक अदालत में न्यायालयों में लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक, व्यवहारिक, धारा 138 एन.आई. एक्ट के प्रकरण, मोटर दुर्घटना दावा प्रकरण, पारिवारिक प्रकरण, विद्युत चोरी के प्रकरण तथा विद्युत विभाग, बैंक एवं नगर पालिका के पूर्ववाद प्रकरणों का निराकरण आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर किया जाएगा। नेशनल लोक अदालत में अपने-अपने प्रकरणों के निराकरण हेतु उपस्थित होने वाले पक्षकारगण की सहायता हेतु हेल्प डेस्क का गठन किया जाकर पैरालीगल वालेंटियर्स की ड्यूटी लगाई गई है। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा आमजन व पक्षकारगण से अपील की गई है कि न्यायालय में लंबित एवं पूर्ववाद प्रकरणों का आपसी सुलह एवं समझौते के आधार पर अपने प्रकरण का निराकरण करवाकर शीघ्र एवं सुलभ न्याय प्राप्त करें, जिससे पक्षकारों के मध्य आपसी सद्भाव उत्पन्न हो व शत्रुता समाप्त हो तथा समय, धन व श्रम की बचत हो।

## पुलिस एवं सेना भर्ती का प्रशिक्षण प्रारंभ

रीवा। खेल और युवा कल्याण विभाग के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं पुलिस अधीक्षक के मार्गदर्शन में पार्थ योजना के तहत पुलिस एवं आर्मी भर्ती ट्रेनिंग स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स में प्रारंभ की गई। द्वितीय चरण में आवेदकों का मेडिकल परीक्षण किया गया एवं मानसिक दक्षता बढाने के लिए कक्षाएँ की प्रारंभ की गई। संभागीय खेल और युवा कल्याण अधिकारी एमण्केण् धौलपुरी ने बताया कि ष्पार्थ योजनाष् का द्वितीय चरण स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स में प्रारंभ हुआ जिसमें बालक एवं बालिकाओं के मेडिकल परीक्षण एवं मानसिक दक्षता कोचिंग क्लॉसेस प्रारंभ किये गये। ष्पार्थ योजनाष् में इच्छुक बालक एवं बालिका स्पोट्र्स कॉम्पलेक्स रीवा मे मोबाईल नम्बर 9755618571, 7224926265 पर संपर्क कर जानकारी प्राप्त कर सकते है।

## अनूपपुर जिले में निवेश एवं उद्योग की असीम संभावनाएँ-कलेक्टर

### एमएसएमई विभाग द्वारा 'जीरो डिफेक्ट एवं जीरो इफेक्ट' के तहत किया गया कार्यशाला का आयोजन

**विजय मत, अनूपपुर**

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा है कि जिले की उन्नति एवं प्रगति में उद्योग विशेष योगदान देते हैं। अनूपपुर विभिन्न सम्पदाओं से भरा है। यहाँ निवेश एवं उद्योग की असीम संभावनाएँ हैं। अनूपपुर जिले में छोटे-छोटे उद्योगों को बढ़ाया जाए तथा उन्हें प्रोत्साहन दिया जाए। जिससे अनूपपुर के युवा आत्मनिर्भर बन सके। उन्होंने कहा कि जिले में क्लस्टर के माध्यम से उद्योगपतियों को भूमि प्रदान किए जाने से उद्योगों को एक नई गति मिल रही है। यहां अनेक बड़े-बड़े उद्योगपतियों ने रीजनल इंडस्ट्रियल कॉन्क्लेव के माध्यम से भूमि की मांग की थी, जिन्हें भूमि उपलब्ध कराया गया है। इसी



प्रकार छोटे-छोटे उद्यमियों को भी उद्योग के प्रति प्रोत्साहित किया जाए। कलेक्टर श्री हर्षल पंचोली आज जिला पंचायत कार्यालय के सभागार में एमएसएमई विभाग द्वारा जीरो डिफेक्ट एवं जीरो इफेक्ट के तहत आयोजित कार्यशाला को संबोधित कर रहे थे।

कार्यशाला में सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम के नीति एवं नियमों के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई तथा जिले एवं प्रदेश की उन्नति में सभी उद्योगों को अपना योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया। कार्यशाला में मध्यप्रदेश लघु उद्योगों को बढ़ावा देने तथा ऑनलाइन लैंड हेतु आवेदन आमंत्रित एवं किस-किस क्षेत्र में व्यापार एवं उद्योग किया जा सकता है तथा बाजार में अपना स्थान बना सकते हैं, के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा उद्योगों की स्थापना एवं उद्योगों को विस्तृत करने के संबंध में जानकारी दी गई। प्रबंधक डीआईसी द्वारा स्टार्टअप पॉलिसी पर विशेष चर्चा कर जानकारी दी गई तथा रैंप योजना के संबंध में ईएनवाई के सदस्य मुस्ताक अली तथा प्रफुल द्विवेदी ने भी जानकारी दी। इसी प्रकार कार्यशाला में एमएसएमई विभाग द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के संबंध में बिंदुवार विस्तृत चर्चा कर आवश्यक जानकारी दी गई।

कार्यशाला में जिला पंचायत की अध्यक्ष श्रीमती प्रीति रमेश सिंह, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र आर.एस. डाबर, जिला अग्रणी बैंक प्रबंधक श्री अजीत नाम्बियार सहित जिले के सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम से जुड़े व्यापारी उपस्थित थे।

**लापरवाही**

### बाजार क्षेत्र में लग रही दो दर्जन से ज्यादा दुकानें, स्थानीय प्रशासन पूरी तरह बेसुध नजर आ रहा है

# खुले में बिक रहा मांस, मुख्यमंत्री के निर्देश पर नही हो रहा अमल

**विजय मत, अनूपपुर**

जिला मुख्यालय सहित कोतमा में मांस बिक्री को लेकर मुख्यमंत्री द्वारा लिए गए निर्णय बेसर साबित हो रहा है इससे यह साफ दिखाई दे रहा है कि मुख्यमंत्री का निर्देश बेअसर साबित हो रहा है। नगर में मांस की दुकानों के सामने लगाए गए पर्दा अब दिखावे तक सीमित होकर रह गया है। रेलवे लाइन किनारे से लेकर बनिया टोला तक साथ ही विभिन्न वार्डों में बेधड़क मांस की दुकानें संचालित हो रही हैं जिसको लेकर नपा एवं स्थानीय प्रशासन पूरी तरह बेसुध नजर आ रहा है।आवागमन के दौरान सड़क से ही मांस की दुकान वीभत्स तरीके से नजर आना आम बात है। नागरिकों का कहना है कि मुख्यमंत्री के प्रथम आदेश से उम्मीद जगी थी कि सड़क की दुकानों पर से मांस का दिखना बंद हो जाएगा पर निर्देश का पालन करवाने में नगर पालिका के जिम्मेदार अधिकारी पूरी तरह बेफिक्र है।



नगर में मांस की दुकानो के संचालन के लिए वार्ड क्रमांक 11 कॉलेज रोड पर 60 लाख रुपए की लागत से फिश मार्केट का निर्माण करवाया गया था लेकिन वहां मांस की दुकानों का संचालन नहीं कराया जाता जिसके कारण शासन के लाखों रुपए से निर्मित मीट मार्केट में असामाजिक तत्वों ने कब्जा करते हुए अनैतिक गतिविधियों को अंजाम दे रहे हैं।

रेलवे कॉलोनी के पास दो दर्जन से ज्यादा लग रही मांस की दुकानों के कारण सबसे ज्यादा परेशानी स्कूल कॉलेज की छात्र-छात्राओं को होता है वहीं दूसरी ओर बनिया टोला से बाजार मंदिर आने वाली महिलाएं को सुबह से ही मांस की दुर्गंध का सामना करना पड़ता है।

**सब खुले में** - वर्तमान में नगर के वार्ड क्रमांक 7 रेलवे कॉलोनी के आगे मीट मार्केट लग रही है कुछ दिनों तक तो इन्हें पर्दे से ढक दिया गया था लेकिन वर्तमान में यहा पूरी तरह से खुले में मीट मटन के साथ ही मछली की बिक्री की जा रही है अब तो सब खुले में संचालित किया जा रहा है।

**होती है परेशानी** – मुख्य सड़क के किनारे मीट मटन की दुकान लगने के साथ ही वहीं पर कांटे जाने के कारण काफी दुर्गंध आती है जिसके कारण वहां से निकलने वाले महिला एवं पुरुषों को नाक में कपड़ा ढककर निकालना पड़ता है जिसके कारण काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है ।

**रेल्वे उदासीन** – मीट मटन की दुकान रेलवे की भूमि में खुलेआम संचालित की जा रही है जबकि मुख्यमंत्री का साथ निर्देश है कि खुले में मांस मटन की बिक्री पूरी तरह से प्रतिबंधित कर दी गई है लेकिन रेल प्रबंधन भी इस आदेश से बेपरवाह नजर आ रहा है रेलवे के अधिकारियों एवं पुलिस के द्वारा भी किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं किए जाने से मांस मटन दुकान संचालकों के हौसले बुलंद हैं ।


नागरिकों द्वारा जिला प्रशासन से खुले में हो रही मांस की बिक्री पर रोक लगाने की मांग कीगई है।

### इनका कहना

रेलवे की भूमि पर मीट मटन की दुकानें यदि संचालित हो रही है तो अभियान चलाते हुए कार्यवाही की जायेगी।

**बी के चौधरी**
**टी आई आरपीएफ मनेन्द्रगढ**

## न्यूज इन शॉर्ट



### बांधवगढ़ में बाघिन ने किया बायसनो के झुंड पर हमला

उमरिया।जिले के विश्वप्रसिद्ध बांधवगढ़ टाइगर रिजर्व में बाघिन का एक रोमांचक वीडियो कैमरे में कैद हुआ हैएघटना टाइगर रिजर्व के ताला पर्यटन जोन की है जहां बाघ के दीदार के लिए पर्यटक जिप्सियों में भ्रमण कर रहे थे उसी दौरान बाघिन जंगल की ओर से दौड़ती आई और मार्ग के दूसरी ओर झुंड में विचरण कर रहे बायसनों के ऊपर हमला कर दिया है। इस घटना का वीडियो पर्यटकों ने कैमरे में कैद कर लिया और सोशल मीडिया में इसका वीडियो शेयर किया है जो काफी लोकप्रिय हो रहा है।

### नेशनल लोक अदालत आज, 12 खंडपीठ गठित, विद्युत प्रकरणों में दी जाएगी छूट

उमरिया। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण जिला न्यायालय ने बताया कि नेशनल लोक अदालत का आयोजन 10 मई को किया गया है । लोक अदालत के लिए 12 खंडपीठों का गठन किया गया है। लोक अदालत में विद्युत विभाग से संबंधित प्रकरणों में छूट प्रदान की जाएगी । प्री.लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 30 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छःमाही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।लिटिगेशन स्तर पर कंपनी द्वारा आंकलित सिविल दायित्व की राशि पर 20 प्रतिशत एवं आंकलित राशि के भुगतान में चूक किये जाने पर निर्धारण आदेश जारी होने की तिथि से 30 दिवस की अवधि समाप्त होने के पश्चात् प्रत्येक छः माही चक्र वृद्धि दर अनुसार 16 प्रतिशत प्रतिवर्ष की दर से लगने वाले ब्याज की राशि पर 100 प्रतिशत की छूट दी जावेगी।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत जल संसाधन विभाग व्दारा जलाशयों की गई साफ सफाई

उमरिया । कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विभाग सरोज सिंह व्दारा बताया गया कि जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जिले में स्थित जलाशयों की साफसफाई का कार्य किया जा रहा है । उन्होने बताया कि अभियान के तहत उमरार जलाशय मध्यम परियोजना में साफसफाई कार्यक्रम आयोजित किया गया । अभियान के दौरान बांध के पास से झा?ियो की कटाई एवं पिचिंग का सुधार कार्यएमेन केनाल में बैंक रेजिंग का कार्यए नहर की साफसफाईए किया गया । इसी तरह कोयलारी जलाशय लघु योजना में झा?ियो की कटाईए पिचिंग का सुधार कार्यए उमरार जलाशय मध्यम परियोजना में मुख्य कैनाल मे सिल्ट निकालने का कार्यए कोयलारी जलाशय लघु योजना में जलाशय गेट के सामने सिल्ट निकालने का कार्य एवं कोयलारी डेम के डाउन स्ट्रीम की सफाई का कार्यए भनपुरा जलाशय मध्यम परियोजना मे पिचिंग एवं सफाई कार्यए नहर सफाई का कार्यए कन्नाबहरा जलाशय लघु परियोजना में जलाशय की नहर एवं पिचिंग सफाई का कार्यएपटपरिहा जलाशय लघु परियोजना में नहर की सफाई का कार्य किया गया है ।

### जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय निकायों में जल संग्रहण संरचनाओं का किया जा रहा संवर्धन

उमरिया । जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत नगरीय निकायों में जल संग्रहण संरचनाओं का संवर्धन किया जा रहा है । परियोजना अधिकारी जिला शहरी विकास एवं अभिकरण ने बताया कि 1 मई 2025 की स्थिति तक नगर पालिका परिषद उमरिया में उमरार नदी मे खलेसर घाट से बहराधाम घाट तक नदी की विशेष साफसफाई का कार्य प्रारंभ है । 10 सार्वजनिक कुओं की साफसफाई एवं मरम्मत का कार्य में वार्ड क्रमांक 14 एवं 16 में दो कुओं की साफसफाई का कार्य कराया जा चुका है । वार्ड नंबर 11 में स्थित रेंज तालाब एवं वार्ड नंबर 20 स्थित बरतरिया तालाब की साफसफाई का कार्य प्रारंभ है । नगर पालिका परिषद अंतर्गत वार्ड नंबर 9 सगरा तालाब में पिचिंग वर्क एवं सौदर्यीकरण कार्य में टेक्निकल विड खोला जाना है ए जिसकी लागत 500 लाख रूपये है। वार्ड नंबर 4 में बिझला तालाब में सफाई का कार्य 50 प्रतिशत किया जा चुका है । इसी तरह नगर परिषद चंदिया में अमृत 2ण्0 अंतर्गत भरोसा तालाब का सौदर्यीकरण का निर्माण कार्य 40 प्रतिशत पूर्ण हो चुका है । नगर परिषद नौरोजाबाद में वार्ड क्रमांक 6 छांदा तालाब का जीर्णोध्दार एवं वार्ड नंबर 15 में धरतिहा एवं छपरा तालाब में जल संग्रहण एवं संवर्धन कार्य प्रग्रतिरत है।

### प्रदेश व जिला स्तरीय प्रवीण्य सूची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह आज

उमरिया । माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल व्दारा घोषित हाई एवं हायर सेकेण्डरी के परीक्षा परिणाम में प्रदेश एवं जिला स्तरीय प्रवीण्य सची में स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों का सम्मान समारोह 10 मई को जिला पंचायत उमरिया के सभाकक्ष में दोपहर 12ण्30 बजे से आयोजित किया गया है ।

### आरोपी पर 10 हजार का ईनाम घोषित

उमरिया । पुलिस अधीक्षक निवेदिता नायडू ने थाना कोतवाली जिला उमरिया के अपराध क्रमांक 103/25 धारा 64 2 एफआई के एवं 5 के/6,5,न/6 पाक्सो एक्ट के आरोपी सुनील शिकारी पिता भागवली शिकारी निवासी झाडू मोहल्ला उमरिया पर 10हजार रूपये का इनाम घोषित किया है।

ऑपरेशन सिंदूर के हमले से थर्राया पाकिस्तान

# अपने हितों की रक्षा और आतंकवादियों का सफाया करने में सक्षम है मोदी सरकार-आशुतोष

**विजय मत, उमरिया**



जम्मू कश्मीर के पहलगाम में बीते दिनों हुए आतंकी हमले के बाद से भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और उनकी पूरी सरकार पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों का सफाया करने का मन बना चुकी। इसी कड़ी में भारत की जांबाज सेना ने पीओके मैं अवैध रूप से संचालित आतंकियों के कई ठिकानों को तबाह कर दिया है। इस दौरान कई आतंकियों के मारे जाने की जानकारी मिली है।

उक्ताशय की जानकारी देते हुए भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष आशुतोष अग्रवाल ने बताया कि भारत कि भाजपा सरकार और उसके प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के द्वारा पहले से ही आतंकियों के खिलाफएक्शन मोड में रही है। फिर चाहे वह पुलवामा अटैक रहा हो या फिर अटैक रहे हो हर बार भारत की जमाने सेनानी पाकिस्तान में पल रहे आतंकियों के ठिकानों पर घर में घुसकर हमला किया है। उन्होंने बताया कि जिस कदर पाकिस्तान सरकार के द्वारा आतंकवादियों को संरक्षण देने के साथ.साथ उन्हें भारत के खिलाफहथियार उपलब्ध कराया जा रहा है। और आतंकवादियों को पाकिस्तान की ओर से भारत में घुसपैठ कराई जा रही है।

श्री अग्रवाल ने कहा कि हमेशा से दुनिया के सामने आतंकियों को पनाह देने और भारत में आतंकवादी हमले करवाने के पीछे पाकिस्तान का हाथ रहा है और वह कई बार पूरी दुनिया के सामने बेनकाब हो चुका है। हाल ही में हुए जम्मू कश्मीर के पहलगाम में आतंकी हमले के पीछे भी पाकिस्तान का हाथ रहा है। इश्क कई सारे सबूत जांच एजेंसियों को मिले है। पाकिस्तान के द्वारा भारत में इस आतंकी हमले में 26 टूरिस्ट को गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया गया। घटना के समय आतंकवादियों के द्वारा जिस कदर धर्म का आ? लेकर कलमा पढ़वानाए जो नहीं पढ़ पाया उसके सिर पर गोली मार दी देनाए यह कहीं ना कहीं भारत में हिंदू मुस्लिम को आपस में ल?ाने की साजिश रही है।

लेकिन भारत में सभी भारतीयों ने बड़े ही धैर्य का परिचय दियाए इसके बाद देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा पाकिस्तान से बदला लेने के लिए रणनीति तैयार की जाने लगी। घटना के बाद पीएम मोदी ने कहा था कि भारत की आत्मा पर हमला करने वालो को कड़ी सज़ा मिलेगी।भारत आतंकवाद को उसकी जड़ से उखाड़ फेकने में सक्षम भी है और संकल्प बद्ध भी हैए हम आतंकवादियों का नामोनिशान मिटा देंगे। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जो कहते हैं सो करते हैं उन्होंने पाकिस्तान और उसके आतंकियों सबक सिखाने के लिए रक्षा से जुड़े कई बड़े अधिकारियों से बैठक में बातचीत की और उनके द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। इसके बाद सेना के जांबाज अफसर रणनीति बनाने में जुट गए। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृहमंत्री अमित शाह के द्वारा सेना के सभी अधिकारियों को आतंकियों के खिलाफ कार्रवाई करने की खुली छूट दे दी गई।

श्री अग्रवाल ने बताया कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हाथों भारत अपने हितों की रक्षा और आतंकवादियों का सफाया करने में पूरी तरीके से सक्षम है। पहलगाम में हुए आतंकी हमला के जवाब में भारतीय सेना ने ऑपरेशन सिंदूर के माध्यम से पाकिस्तान में स्थित आतंकियों के ठिकानों को तबाह कर दिया गया। आधी रात लड़ाकू विमान की ग?ग?ाहट से पाकिस्तान थर्राने लगा है। जांबाज भारतीय सेना के सैनिकों ने पाकिस्तान में स्थित कई आतंकवादियों के ठिकानों में बम की वर्षा कर दीए मिसाइलो से बड़ी.बड़ी इमारत को क्षतिग्रस्त कर दिया गया। हमले में 90 आतंकियों के मारे जाने की खबर है। उसके अलावा भारत.पाकिस्तान के अलग.अलग इलाकों में जहां आतंकवादियों के छिपे होने की जानकारी मिल रही है उन इलाकों में भी गोले बरसाए गए हैं। भारत के प्रधानमंत्री की ओर से सी को खुली छूट दी गई है और सेना के जांबाज अफसरों के द्वारा लगातार पाकिस्तान में छिपे आतंकियों और उनके ठिकानों को मिसाइल और गोले दागकर ध्वस्त किया जा रहा है। भारतीय सेना ने मिसाइल दागकर पाकिस्तान के लाहौर में स्थित एयर डिफेंस सिस्टम को भी ध्वस्त कर दिया गया है।

## ग्राम सरसवाही, बरबसपुर, सिगुड़ी, नौगवां में किसानों को नरवाई नही जलाने के लिए किया गया प्रेरित

**विजय मत, उमरिया**




कृषि अभियांत्रिकीय विभाग व्दारा किसानों को नरवाई नही जलाने की जानकारी दी जा रही है। सहायक कृषि यंत्री मेघा पाटिल ने बताया कि गत दिवस ग्राम सरसवाहीए बरबसपुरए सिगु?ीए नौगवां में रथ के माध्यम से किसानों को नरवाई जलाने से होने वाले नुकसानए नरवाई के प्रबंधन एवं उपाय नरवाई प्रबंधन में सहायक भूसा मशीनए बेलरए हार्वेस्टर मैनेजमेंट सिस्टमए रीपर कम्बाइंडरए सीपर सीडरए मल्चर आधुनिक कृषि यंत्रए फसल अवशेष प्रबंधन उपाय बनानेए खेत और पर्यावरण को नुकसान से बचानेए नरवाई प्रबंधन के लाभ आदि के बारे में जानकारी दी गई।

उन्होंने बताया कि पर्यावरण सुरक्षाए जन स्वास्थ्य एवं जीव जंतुओ की जीवन सुरक्षा को ध्यान मे रखते हुए नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के परिपालन में पर्यावरण प्रदूषण एवं नियंत्रण अधिनियम के तहत शासन ने धान एवं गेहू तथा अन्य फसल की कटाई के बाद नरवाई जलाना प्रतिबंधित किया है। इसका उल्लंघन किए जाने पर संबंधित से पर्यावरण क्षतिपूर्ति के रूप मे जुर्माना लिया जाएगा । नोटिफिकेशन के प्रावधान अनुसार जुर्माना राशि निर्धारित की गई है।

### कमिश्नर ने आगामी 2 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकते हुए प्रकरण किया समाप्त

उमरिया। कमिश्नर शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता ने उमरिया जिले के सहायक ग्रेड.3 तहसील कार्यालय पाली शैलेंद्र दुबे को कार्यों में लापरवाही बरतने पर कारण बताओं नोटिस जारी किया था तथा प्रकरणों का अवलोकन किया गया। कमिश्नर ने आदेश जारी करते हुए सहायक ग्रेड.3 तहसील कार्यालय पाली शैलेंद्र दुबे के पदीय दायित्वों के निर्वहन में घोर लापरवाही एवं उदासीनता बरती गई हैए जिसके लिए वे दोषी हैं। अतएव प्रस्तुत उत्तर संतोषप्रद व समाधानकारक न पाये जाने के कारण मण्प्रण् सिविल सेवा ;वर्गीकरणए नियंत्रण तथा अपीलद्ध नियम.1966 के नियम.10;4द्ध के अंतर्गत आगामी 02 वार्षिक वेतन वृद्धियां असंचयी प्रभाव से रोकते हुये जारी कारण बताओ सूचना पत्र से प्रचलित कार्यवाही इसी स्तर पर समाप्त किया जाता है।

## भ्रामक और तथ्यहीन कहासुनी से रहे सावधान-भाजपा

**विजय मत, उमरिया**

7 मई बुधवार को जिला मुख्यालय के कालरी स्कूल में मुख्यमंत्री कन्यादान योजना के तहत सामूहिक विवाह कार्यक्रम का कार्यक्रम आयोजित किया गया था। इस दौरान पत्रकारों के लिए कुछ भ्रामक और तथ्यहीन बातों को प्रचारित किया गया। जिससे पत्रकारों के बीच नाराजगी भी देखी गई। लेकिन उस भ्रामक और तथ्यहीन कहा सुनी का भाजपा या उसके नेताओं से कोई लेना.देना नहीं हैए किसी भी भाजपा नेता के द्वारा पत्रकारों के खिलाफकोई भी टिप्पणी नहीं की गई है।

दरअसल जिला मुख्यालय के कालरी स्कूल ग्राउंड में सामूहिक विवाह का आयोजन किया गया था जिसमें जिले के प्रभारी मंत्री और मध्यप्रदेश शासन के मंत्री नागर सिंह चौहान भी पहुंचे हुए थे चूंकि यह एक शासकीय आयोजन रहा है इसलिए जो भी व्यवस्थाएं की गई थी वह शासन. प्रशासन स्तर पर की गई थी। इसमें पार्टी या किसी नेता का कोई लेना देना नहीं था। बताया गया कि कार्यक्रम प्रारंभ हुआ लेकिन जब कार्यक्रम में प्रभारी मंत्री पहुंचे उस दौरान पत्रकार बंधु भी पहुंच गए। इस दौरान कुछ पत्रकारों के द्वारा बैठक व्यवस्था को लेकर नाराजगी जाहिर की गई।

लेकिन इसी दौरान किसी असंतोषी व्यक्ति ने भाजपा के वरिष्ठ नेता मिथिलेश मिश्रा के नाम का दुरुपयोग करते हुए पत्रकारों के बीच भ्रम फैलाने का काम किया है।

### संभाग स्तरीय विशेष राजस्व अभियान में 11076 राजस्व प्रकरणों का निराकरण

उमरिया। आयुक्त शहडोल संभाग श्रीमती सुरभि गुप्ता के निर्देशन में शहडोल संभाग के तीनों जिलों में राजस्व संबंधित प्रकरणों के त्वरित निराकरण हेतु 20 अप्रैल से 20 मई तक विशेष राजस्व अभियान का संचालन किया जा रहा है। अभियान के तहत 20 अप्रैल से 8 मई के मध्य संभाग में 11076 राजस्व प्रकरणों का निराकरण किया गया है। जिसमें अनूपपुर जिले में लंबित 6111 प्रकरणों में से 3498 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 57.24 ए इसी तरह शहडोल जिले में लंबित 7563 प्रकरणों में से 4773 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 63ण्11 इसी तरह उमरिया जिले में लंबित 5261 प्रकरणों में से 2805 प्रकरणों का निराकरण किया गया। निराकरण का प्रतिशत 53ण्32 है। संभाग में विशेष राजस्व अभियान में निराकरण का प्रतिशत 58.49 है।

## प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफएक्सीलेंस शासकीय आर0 व्ही0 पी0 एस0 स्नातकोत्तर महाविद्यालय में एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न

**विजय मत, उमरिया**

यूनिसेफके सहयोग से संचालित कार्यक्रम के अंतर्गत स्वयंसेवकों के एकदिवसीय प्रशिक्षण हेतु प्राचार्य डॉ0 विमला देवी मरावी एवं कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 अरविंद शाह बरक? की उपस्थिति में एनएसएस अधिनायक शिवांश सिंह सेंगरए सचिव विनोद कुमार सेन और स्वयंसेवक ओम तिवारी के सहयोग से एक दिवसीय प्रशिक्षण शिविर संपन्न हुआ।



कार्यक्रम में ट्रेनर की भूमिका विजय सिंह बघेल द्वारा स्वयंसेवकों को प्रशिक्षित किया और बताया कि प्रति वर्षए प्रति माहए प्रति 2 दिन में मध्य प्रदेश और देश भर से लगभग कितने बच्चे चाइल्ड ट्रैफिकिंग का शिकार होते हैं और इस समस्या का समाधान करने में युवा पी?ी किस प्रकार से सहयोग कर सकती है । कार्यक्रम में सेवा निवृत्त प्राध्यापक डॉ0 एस0 एन0 स्वामी ने कहा कि गुड टच और बैड टच के संदर्भ में युवाओ अपनी जिम्मेदारियों को समझना होगा । वरिष्ठ प्राध्यापक संजीव शर्मा ने कहा कि सरकार प्रत्येक घर पर नजर नहीं रख सकती ऐसे में हमारी ि?म्मेदारी है कि अपने गली मोहल्लेए शहर के किसी परिवार की क्षति होने से रोकने में अपना योगदान दें। ऋषराज पुरवार ने कहा कि हमें अपने उद्देश्यों को नहीं भूलना चाहिए किसी भी देश की शोभा उसके आदर्श समाज से होती है इसीलिए कभी भी अपने समाज के प्रति अपने कर्तव्यों को नहीं भूलना चाहिए। कार्यशाला में डॉण् रमेश प्रसाद कोलए तुलसी रानी पटेल एवं डॉण् देवेश कुमार अहिरवारए राजेन्द्रप प्रसाद पटेल ने भी विद्यार्थियों को संबोधित किया।

कार्यक्रम के मध्य सभी स्वयं सेवकों का प्री एवं पोस्ट टेस्ट लिया गयाए जिसके माध्यम से चौम्पियन फॉर चाइल्ड प्रोटेक्शन प्रोग्राम की मंशा को बेहतर तरीके से उनके मध्य प्रस्तुत किया गया। कुछ फिल्में भी विद्यार्थियों के मध्य दिखाई गई एवं उनके लक्ष्यों से विद्यार्थियों को अवगत कराया गया। अंत में प्राचार्य एवं स्टॉफद्वारा विद्यार्थियों को प्रमाण.पत्र भी वितरित किए गए। साथ ही स्वरयं सेवकों को प्रेरित किया गया कि न सिर्फअपने व्यक्तित्व का विकास करना वरन् समाज में प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंचकर उन्हें इस प्रकार जागरूक किया जाए कि वे आसानी से लक्ष्यों की पूर्ति में सक्षम हो सके।

**सम्मान** कलेक्टर ने हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा-2025 में प्रवीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं का किया सम्मान

# विद्यार्थियों की सफलता लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और लगन का प्रतिफल-कलेक्टर

**विजय मत, अनूपपुर**

कलेक्टर हर्षल पंचोली ने कहा कि अनूपपुर जिले के हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी स्कूल में जिन विद्यार्थियों ने सर्वोच्च अंक प्राप्त किया है, विद्यार्थियों की यह सफलता उनके लक्ष्य के प्रति समर्पण, अथक परिश्रम और सतत लगन का प्रतिफल है। यह उपलब्धि न केवल उनके व्यक्तिगत प्रयासों की पहचान है, बल्कि पूरे समाज के लिए एक प्रेरणा भी है। विद्यार्थियों के सफलता के पीछे सबसे महत्वपूर्ण योगदान अभिभावकों तथा शिक्षकों का होता है। कलेक्टर हर्षल पंचोली आज कलेक्टर कार्यालय के नर्मदा सभागार में हाईस्कूल एवं हायर सेकेंडरी परीक्षा 2025 के प्रवीण्य सूची में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राओं के ''सम्मान समारोह'' को संबोधित कर रहे थे।




कलेक्टर ने सभी प्रतिभावान विद्यार्थियों को शुभकामनाएं एवं उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि यह सफलता सभी विद्यार्थियों के लिए एक नई शुरुआत है, एक ऐसा अवसर जो हमें आगे बढ़कर देश और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने और निभाने की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी प्रतियोगी परीक्षा जैसे जेईई, नीट एवं संघ लोक सेवा आयोग सहित अन्य विभिन्न परीक्षाओं की तैयारी संकल्पित होकर करें, जिससे की सफलता आपके कदम छुए। उन्होंने कहा कि भविष्य की रणनीति आज ही तय कर ले, जिससे जीवन में किसी प्रकार की कोई समस्या ना आए।

कार्यक्रम में कलेक्टर ने प्रतिभावान विद्यार्थियों से भविष्य में विद्यार्थी क्या बनेंगे, के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा उनका मार्गदर्शन करते हुए कहा आज आप सभी ने सफलता की ऊँचाइयाँ छू ली हैं, लेकिन यह केवल शुरुआत है। भविष्य में आप क्या बनेंगे? यह केवल एक प्रश्न नहीं, बल्कि आपके जीवन के दिशा-निर्देश का आधार है। चाहे आप डॉक्टर, इंजीनियर, वैज्ञानिक, शिक्षक या कोई और पेशेवर बनें, आपके पास दुनिया को बदलने का एक अद्वितीय अवसर है। आप जिस भी क्षेत्र में जाएं, अपने कार्य के प्रति ईमानदार, समर्पित और मेहनती रहें। याद रखें, असली सफलता केवल व्यक्तिगत उपलब्धियों में नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की सेवा में है।

इस दौरान कलेक्टर ने कक्षा 10 वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी अंशुल केवट पिता कमल प्रसाद केवट, कुमारी आकृति शर्मा पिता संजीव शर्मा, नंदिनी सोनी पिता राजेश सोनी, अनुष्का सिंह राठौर पिता अभय राज सिंह राठौर को माला पहनाकर तथा प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान कर सम्मानित किया। इसी प्रकार कक्षा 12वीं में सर्वाधिक अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थी महक शिवहरे पिता शुभम शिवहरे, कृष्ण कुमार तिवारी पिता यज्ञ नारायण तिवारी, रिया शुक्ला पिता सत्येन्द्र शुक्ला, साक्षी मौर्य पिता रामबचन मोर्य, प्रियंका सिंह राठौर पिता वीरेन्द्र कुमार राठौर, आदित्य कुमार यादव पिता वेदराम यादव, वैशाली राठौर पिता रमेश राठौर एवं शशि राठौर पिता बहादुर राठौर को पुष्पमाला पहनाकर प्रशस्ति पत्र एवं शील्ड प्रदान किया।

सम्मान समारोह में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत तन्मय वशिष्ठ शर्मा, अपर कलेक्टर दिलीप कुमार पाण्डेय, सहायक आयुक्त जनजातीय कार्य विभाग सुश्री सरिता नायक, जिला शिक्षा अधिकारी तुलाराम आर्मो सहित शिक्षा विभाग के अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी तथा सभी प्रतिभावान छात्र-छात्राओं के अभिभावक उपस्थित थे।

# गांगुली बोले-रोहित में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता

**कोलकाता, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान और बीसीसीआई अध्यक्ष रहे सौरव गांगुली ने टेस्ट प्रारुप से संन्यास लेने वाले कप्तान रोहित शर्मा की जमकर तारीफ की है। गांगुली ने रोहित की उपलब्धियों की प्रशंसा करते हुए उन्हें भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी दीं। गांगुली ने कहा कि रोहित एक बेहतरीन खिलाड़ी रहे हैं। उनमें नेतृत्व की अद्भुत क्षमता है। उनका करियर शानदार रहा है। अभी वह भारत के लिए एकदिवसीय और आईपीएल में खेलना जारी रखेंगे। गांगुली ने कहा कि रोहित ने कप्तान के रूप में भारत को कई यादगार जीत दिलाई हैं। गांगुली ने रोहित की कप्तानी की प्रशंसा करते हुए कहा कि जब वह बीसीसीआई अध्यक्ष थे, तब उन्होंने 2021 में रोहित को भारतीय टीम का कप्तान बनाया था। उस समय उनके इस फैसले की काफी आलोचना हुई थी, खासकर जब विराट कोहली ने टी20 कप्तानी छोड़ी थी। गांगुली ने कहा कि जब मैंने रोहित को कप्तान बनाया था, तब मेरी काफी आलोचना हुई थीं पर जब उन्होंने 2024 टी20 विश्व कप जीता, तो लोगों ने उस फैसले को सही माना। गांगुली का मानना था कि रोहित में नेतृत्व की अद्भुत क्षमता थी, जो उन्होंने मुंबई इंडियंस को पांच आईपीएल खिताब जिताकर पहले ही साबित कर दी थी।

## आईपीएल-पीएसएल में गये अपने खिलाड़ियों से हमारा संपर्क बना हुआ है: सीए

**सिडनी, एजेंसी**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) ने कहा है कि भारत-पाकिस्तान के बीच जारी संघर्ष पर उसकी नजरें बनी हुई हैं। सीए ने कहा कि दोनो ही देशों में उसके खिलाड़ी खेल रहे हैं जिनसे उसका संपर्क बना हुआ है। धर्मशाला में ऐहतियात के तौर पर दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) और पंजाब किंग्स (पीबीकेएस) के बीच आईपीएल मुकाबला बीच में ही रोक दिया गया था। इसी प्रकार पाक में भी पीएसएल मैच रोक दिये गये हैं। पीसीबी ने आगे के मैचों को दुबई में रख दिया है। वहीं भारत में आईपीएल मुकाबले पूरी तरह से रोक दिये गये हैं। इसी को देखते हुए सीए ने अपने एकयान में कहा, हम भारत और पाक के हालातों पर नजर रख रहे हैं, जिसमें ऑस्ट्रेलियाई सरकार, पीसीबी, बीसीसीआई और स्थानीय सरकारी अधिकारियों से नियमित सलाह के साथ ही संवाद बनाये रखना है। इसके अलावा दोनो देशों में मौजूद हमारे खिलाड़ियों और सहयोगी कर्मचारियों के साथ भी हम बातचीत कर रहे है। वहीं बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने से कहा, वे काफी सहज हैं। लीग में हर कोई सहज है। जहां तक हमारी बात है हर खिलाड़ी और प्रशंसक की सुरक्षा चाहे वह स्थानीय खिलाड़ी हो या विदेशी हमारे लिए सबसे महत्वपूर्ण है।

# सहवाग बोले-हमारी सेना पाक को ऐसा जवाब देगी जिसे वह कभी भूलेगा नहीं पायेगा

## वेंकटेश प्रसाद- सिंधु ने भी सेना का मनोबल बढ़ाया

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय टीम के पूर्व सलामी बल्लेबाज वीरेंद्र सहवाग ने कहा है कि पाकिस्तान अपनी हरकतों से बाज नहीं आ रहा है। इसलिए इस बार भारतीय सेना उसे ऐसा जवाब देगी जिसे वह कभी भूल नहीं पायेगा। सहवाग ने सोशल मीडिया पर लिखा, पाकिस्तान ने युद्ध का रास्ता चुना और आतंकी ठिकानों को बचाने का प्रयास किया है, जो उनके बारे में बहुत कुछ कहता है। हमारी सेना उकना सही तरीके से जवाब देगी, ऐसा तरीका जिसे पाकिस्तान कभी नहीं भूलेगा। वहीं भारतीय टीम के पूर्व तेज गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने भी पाक को आड़े हाथों लिया है। उन्होंने कजहा कि पाकिस्तान एक दुष्ट देश है। इस पूर्व क्रिकेटर ने कहा, पाकिस्तान कितना भी दुष्ट देश हो भारत उसे पराजित करेगा। वहीं ओलंपिक पदक विजेता पी.वी. सिंधु ने भी देश की सेना का मनोबल बढ़ाते हुए कहा है कि भारतीय सशस्त्र बलों के बहादुर पुरुषों और महिलाओं के साहस पर हमें गर्व है।

वहीं इससे पहले टीम इंडिया के ही एक और पूर्व क्रिकेटर अंबाती रायुडू ने ऐसा बयान दिया था जिसकी जमकर आलोचना हुई है।भारत की जवाबी कार्रवाई के बीच रायुडू ने ट्वीट किया, ÷आंख के बदले आंख पूरी दुनिया को अंधा बना देती है।÷ रायडू के इस पोस्ट से लोग भड़क गये और उनसे इसी हटाने को कहा। इसके बाद इस क्रिकेटर ने सफाई देते हुए अपनी पोस्ट हटा दी।

# आईपीएल के बाद टेस्ट सीरीज के लिए इंग्लैंड जाएगी भारतीय टीम

**मुम्बई।** इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) सत्र समाप्त होने के बाद भारतीय क्रिकेट टीम जून में इंग्लैंड के खिलाफ पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। इस सीरीज से 2025-26 सत्र के लिए विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप (डब्ल्यूटीसी) चक्र की शुरुआत होगी। ऐसे में ये सीरीज दोनो ही टीमों के लिए अहम रहेगी। रोहित शर्मा के टेस्ट प्रारुप से संन्यास की घोषणा किये जाने के कारण इस सीरीज के लिए नये भारतीय कप्तान की घोषणा अभी होनी है। इस सीरीज के लिए टीम की घोषणा इसी माह के अंत तक होने की संभावनएं हैं। टीम में श्रेयस अय्यर के अलावा आईपीएल में अच्छा प्रदर्शन कर रहे साई सुदर्शन को भी अवसर मिलने की संभावनाएं हैं।

# एक हफ्ते के लिए ही आईपीएल स्थगित जल्द आयेगा नया शेड्यूल: राजीव शुक्ला

**मुम्बई, एजेंसी**



भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला कहा है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) टूर्नामेंट अनिश्चित काल के लिए स्थगित नहीं हुआ है। केवल एक सप्ताह के लिए ही स्थगित किया गया है। शुक्ला ने कहा है कि नये शेड्यूल की घोषणा शीघ्र ही होगी। वहीं इससे पहले कहा गया था कि आईपील मुकाबले अनिश्चित काल के लिए स्थगित कर दिये गये हैं जिसपर अब बोर्ड की ओर से जवाब आया है। गत दिवस गुरुवार को दिल्ली और पंजाब मैच बीच में ही रद्द करने के बाद से ही टूर्नोमेंट के आगे आयोजन पर भी संशय जताया जा रहा था। आईपीएल का ये 18 वां सत्र अपने अंतिम पड़वा पर था और फाइनल के साथ ही केवल 16 मैच बचे थे। इसमें लीग चरण के 12 मैच शामिल थे। ये पहली बार नहीं हुआ है कि जब आईपीएल का कोई सत्र बीच में ही स्थगित हुआ है था। इससे पहले 2021 में कोरोना महामारी के कारण सत्र रोका गया था।

बीसीसीआई ने शुक्रवार को आईपीएल को स्थगित करने की घोष्णा की। आईपीएल को स्थगित करने का फैसला पाकिस्तान के साथ तनाव और युद्ध के हालात को देखते हुए लिया गया है। इसी कारण गुरुवार को धर्मशाला में चल रहे पंजाब किंग्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच को बीच में ही रोक दिया गया था। बाद में मैच को रद्द कर दिया गया और सभी खिलाड़ियों, सहायेगी स्टाफ और दर्शकों को सुरक्षित बाहर निकाला गया। तभी से आईपीएल के मौजूदा सीजन पर अनिश्चितता के बादल मंडरा रहे थे।

बीसीसीआई के उपाध्यक्ष राजीव शुक्ला ने कहा कि सभी स्टेकहोल्डर्स से चर्चा के बाद टूर्नामेंट के लिए जल्द ही नया शेड्यूल घोषित होगा। हमें भारतीय सेना पर गर्व है। बीसीसीआई अपने सुरक्षा बलों और सरकार के साथ खड़ी है।'

एक दिन पहले जब धर्मशाला में आईपीएल मैच चल रहा था, उसी वक्त पाकिस्तान ने देश के कई शहरों में मिसाइलों और ड्रोन से हमले किये थे हालांकि भारतीय रक्षा प्रणाली ने उन सभी को धवस्त कर दिया था। पाक के सभी ड्रोन और मिसाइलों को हवा में ही मार गिराया गया था।

# बुमराह को टेस्ट टीम का कप्तान बनायें: मदनलाल



**नई दिल्ली ।** भारतीय टीम के पूर्व गेंदबाज मदन लाल ने कहा कि रोहित शर्मा के टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने के बाद अब तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को अगला कप्तान बनाया जाना चाहिये। मदन लाल ने कहा, बुमराह को अनुभवी होने के कारण सबसे पहले अवार मिलना चाहिए। डेब्यू के बाद से ही वह लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। वह टीम के स्थायी सदस्य हैं। वहीं शुभमन गिल जैसे युवा खिलाड़ी को उप-कप्तान बनाया जा सकता है। मदन लाल ने कहा कि बुमराह ने अब तक तीन टेस्ट मैचों में भारत की कप्तानी भी की है। इसके अलावा वह उपकप्तान भी रहे हैं। ऐसे में उन्हें अनुभवी होने के कारण कप्तानी दिया जाना अच्छा रहेगा। वह टीम के स्थाई सदस्य भी है।

# पंजाब किंग्स में आने से बेहतर हुआ: अर्शदीप

**नई दिल्ली, एजेंसी**



बाएं हाथ के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह ने आईपीएल के इस सत्र में पंजाब की ओर से अच्छा प्रदर्शन किया है। अर्शदीप ने कहा है कि इस टीम में आने के बाद से ही उनमें काफी बदलाव आया है जिसके कारण ही वह पहले से बेहतर खिलाड़ी बन सके हैं। अर्शदीप ने कहा कि फ्रेंचाइजी में एक साल होने के बाद से ही उन्हें अहम भूमिका भी मिलने लगीं जिससे वह अधिक जिम्मेदारी से अपना काम कर पाते हैं। वह साल 2019 से ही पंजाब किंग्स से खेल रहे हैं।

अर्शदीप ने कहा, जब से मैं पंजाब किंग्स में आया हूं, पहले साल को छोड़कर , मुझे अपनी भूमिका में वरिष्ठता महसूस होने लगी है। मैं पिछले सात सालों से इस टीम से जुड़ा हुआ हूं और टीम के साथ अपना पहला साल बिताने के बाद मुझे लगने लगा कि मुझे टीम में बहुत बड़ी जिम्मेदारी दी गई है। इससे मुझे एक खिलाड़ी और बेहतर इंसान के रूप में विकसित होने में भी सहायता मिली। अर्शदीप का अब तक का सबसे अच्छा प्रदर्शन आईपीएल सीजन 2021 में आया जब उन्होंने 12 मैचों में 18 विकेट लिए। वहीं उन्होंने 2022 में 10 विकेट लिए थे। अर्शदीप ने कहा कि इस लीग में खेलने से उन्हें पता चला कि अधिक दबाव वाले मैचों में किस प्रकार से खेला जाता है। इसके साथ ही उनका रुख भी खेल को लेकर गंभीर को गया क्योंकि कठिन हालातों में अगर रुख गंभीर नहीं होगा तो उसका नुकसान टीम को हो सकता है।



# सेंसेक्स 880 अंक गिरकर 79,454 पर बंद, निफ्टी 266 अंक लुढ़का

## रियल्टी और प्राइवेट बैंकिंग शेयर्स सबसे ज्यादा टूटे, ज्यादा बिकवाली इसका कारण

**मुंबई, एजेंसी**




हफ्ते के आखिरी कारोबारी दिन आज यानी शुक्रवार, 9 मई को शेयर बाजार में गिरावट रही। सेंसेक्स 880 अंक (1.10 प्रतिशत) गिरकर 79,454 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी में भी 266 अंक (1.10 प्रतिशत) की गिरावट रही, ये 24,008 के स्तर पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 25 में गिरावट रही। ICICI बैंक 3.24 प्रतिशत नीचे आ गया। पावर ग्रिड,अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, रिलायंस सहित कुल 16 स्टॉक्स करीब 3 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। हालांकि, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, टाटा मोटर्स और SBI में 4.25 प्रतिशत तक चढ़कर बंद हुए। निफ्टी के 50 शेयरों में से 38 में गिरावट रही। रियल्टी सेक्टर में 2.38 प्रतिशत, फाइनेंशियल सर्विसेज में 1.76 प्रतिशत, प्राइवेट बैंक में 1.29 प्रतिशत और ऑयल एंड गैस में 0.78 प्रतिशत की गिरावट रही। जबकि, सरकारी बैंकिंग इंडेक्स 1.59 प्रतिशत मीडिया 0.95 प्रतिशत और कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 0.92 प्रतिशत ऊपर बंद हुए।

भारतीय बाजार में विदेशी निवेशकों की खरीदारी जारी है। कल यानी 8 मई को विदेशी निवेशकों ने 2,007.96 करोड़ रुपए के शेयर खरीदे। जबकि घरेलू निवेशकों ने इस दौरान 596.25 करोड़ रुपए के शेयर्स बेचे। अप्रैल महीने में विदेशी निवेशकों की नेट खरीदारी 2,735.02 करोड़ रुपए रही। घरेलू निवेशकों ने भी महीनेभर में 28,228.45 करोड़ रुपए की नेट खरीदारी की।

हफ्ते के चौथे कारोबार दिन आज यानी गुरुवार (8 मई) को सेंसेक्स 412 अंक गिरकर 80,335 के स्तर पर बंद हुआ। निफ्टी भी 141 अंक नीचे 24,274 पर बंद हुआ। सेंसेक्स के 30 शेयरों में से 26 गिरावट के साथ बंद हुए। जोमैटो का शेयर 3.97 प्रतिशत गिरा है। महिंद्रा, बजाज फाइनेंस, मारुति और टाटा स्टील के शेयर 3.5 प्रतिशत तक नीचे बंद हुए। वहीं, HCL, एक्सिस बैंक, कोटक बैंक और टाइटन ऊपर बंद हुए।

निफ्टी के 50 शेयरों में से 45 में गिरावट रही। NSE के सेक्टोरल इंडाइसेज में रियल्टी 2.47 प्रतिशत, मेटल 2.09 प्रतिशत, हेल्थकेयर 1.95 प्रतिशत, ऑटो 1.90 प्रतिशत, फार्मा 1.62 प्रतिशत और सरकारी बैंकिंग इंडेक्स 1.35 प्रतिशत गिरकर बंद हुए। IT और मीडिया में मामूली तेजी रही।

कल (8 मई) शुरुआती कारोबार में बाजार फ्लैट था। सेंसेक्स-निफ्टी मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। लेकिन पाकिस्तान के कई बड़े शहरों पर भारत के ड्रोन अटैक की खबरों के बाद बाजार के आखिरी आधे घंटे में अचानक गिरावट आई।

# भारत में बेनेली ने लॉन्च की नई 2025 टीआरके बाइक सीरीज

**नई दिल्ली, एजेंसी**

भारत में बेनेली ने अपनी नई 2025 टीआरके सीरीज, टीआरके 502 और टीआरके 502एक्स को लॉन्च किया है। हालांकि, इनकी कीमत में पहले के मुकाबले 35,000 रुपये तक का इजाफा हुआ है। अब टीआरके 502की कीमत 6.20 लाख रुपये और टीआरके 502एक्स की कीमत 6.70 लाख रुपये (एक्स-शोरूम) है। इसके अलावा, टीआरके 502 एक्स का नया यलो कलर वेरिएंट 6.85 लाख रुपये का है। इस नई सीरीज में कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं। इन बाइक्स में नए फीचर्स और तकनीक को जोड़ा गया है, जिससे ये ऑफ-रोड और लॉन्ग ड्राइव के शौकिनों के लिए बेहतरीन विकल्प बन सकती हैं। बाइक्स में अब हीटेड सीट्स और हैंडल ग्रिप्स दिए गए हैं, जो सर्दियों में राइडिंग को और भी आरामदायक बना देंगे। इसके अलावा, पुराने एलसीडी डिस्प्ले को हटा कर अब 5-इंच की फुल-कलर टीएफटी स्क्रीन दी गई है, जो ब्लूटूथ और टर्न-बाय-टर्न नेविगेशन को सपोर्ट करती है। राइडर को टायर प्रेशर की जानकारी अब सीधे स्क्रीन पर मिलती रहेगी, जो सफर को सुरक्षित बनाता है।

इंजन के मामले में दोनों बाइक्स में 500सीसी का पार्लेल-ट्विन लिक्विड-कूल्ड इंजन है, जो 46.9 बीएचपी की पावर और 46 एनएम का टॉर्क जनरेट करता है। इसके साथ ही 20 लीटर का फ्यूल टैंक भी दिया गया है। दोनों बाइक्स में सस्पेंशन के लिए अपसाइड-डाउन फ्रंट फोर्क और रियर मोनोशॉक सस्पेंशन का इस्तेमाल किया गया है, जो राइडिंग को आरामदायक बनाता है। इसके साथ ही डुअल चैनल एबीएस के साथ ब्रेकिंग सिस्टम भी है।

## संशोधित आईटीआर-फार्म-6 में कुल 6 प्रमुख बदलाव किए गए हैं

# आईटीआर-फार्म-6 में संशोधन: आयकर डिपार्टमेंट का नया कदम

**नई दिल्ली, एजेंसी**



केंद्रीय वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किए गए संशोधित आईटीआर-फार्म-6 ने देश के कारोबारिक माहौल में परिवर्तन लाने का वादा किया है। इस नए फॉर्म के माध्यम से कंपनियों को देने होंगे कई नए खुलासे। इसका मुख्य उद्देश्य पारदर्शिता को बढ़ावा देना है और यह भी सुनिश्चित करना है कि निगरानी और अनुपालन में और भी सुधार किया जा सके। इस संशोधित आईटीआर-फार्म-6 में कुल 6 प्रमुख बदलाव किए गए हैं, जिनमें अधिसूचित पूंजीगत लाभ कर के बंटवारे, शेयर बायबैक के प्रभाव, कंपनी की प्रकृति की स्पष्टता, और व्यापार की शुरूआत से जुड़ी जानकारियां शामिल हैं। इसके माध्यम से कंपनियों को नए आयकर नियमों का पालन करने के लिए एक स्मूथ प्रक्रिया दी गई है। सीबीडीटी ने जारी किए गए नए आईटीआर-फार्म-6 के माध्यम से आयकर विभाग ने विभिन्न कंपनियों के लिए विस्तृत जानकारी प्रदान करने के लिए कई तरीके सुधारे हैं। यह नए फॉर्म का लागू होना एक बड़ी कदम है जो कंपनियों की संचालन और निरीक्षण में सुधार करेगा।

### छह प्रमुख बदलाव इस प्रकार हैं

1. अधिसूचित पूंजीगत लाभ कर के बंटवारे को लेकर पहला बदलाव किया गया है। इसके तहत 23.07.2024 से पहले और उसके बाद हुए कैपिटल गेन को अलग-अलग किया गया है। इसके लिए आयकर नियम, 1962 की अनसूची-द्व्ढ में दिए गए आईटीआर-फॉर्म 6 के प्रारूप को पूरी तरह से बदल दिया गया है।
2. बड़े बदलावों में शेयर बायबैक की वजह से हुई पूंजीगत हानि को मंजूरी देना भी शामिल है। इसके तहत अगर किसी शेयर से बंधित लाभांश आय को अन्य स्रोतों से आय के रूप में दिखाया जाता है, तो शेयर बायबैक की वजह से हुई पूंजीगत हानि को आईटीआर में शामिल किया जा सकता है। हालांकि, यह नुकसान एक अक्टूबर, 2024 के बाद का होना चाहिए।
3. नए फॉर्म में कंपनियों को कई खुलासे करने को कहा गया है, इनमें पैन, सीआईएन और कॉर्पोरेशन की डेट जैसी जानकारियां देनी होंगी।
4. आयकर रिटर्न फाइल करते हुए अब कंपनियों को कंपनी की प्रकृति स्पष्ट करनी होगी कि कंपनी घरेलू है या विदेशी। इसके अलावा कंपनी ने पहले अपना नाम बदला है या नहीं।
5. कंपनियों को कारोबार शुरू करने की तारीख बतानी होगी। इसके साथ ही पंजीकृत कार्यालय का पता, संपर्क विवरण और ईमेल आईडी का विवरण भी देना होगा।
6. धारा 44बीबीसी में व्यवसाय को स्पष्ट किया गया है। इसके साथ ही इसका संदर्भ जोड़ा गया है। वहीं, नियम 10टीआईए में बदलाव किया गया है, जो कच्चे हीरे की बिक्री से होने वाला लाभ, सकल प्राप्तियों का 4 फीसदी या उससे अधिक होने की स्थिति में रिपोर्ट करना होगा। इसके अलावा धारा 24(बी) के तहत क्लेम की गई कटौतियों को शामिल करने के लिए बदलाव किए गए हैं।

# नया स्मार्टफोन वनप्लस नॉर्ड सीई 5 जल्द होगा लॉन्च

**नई दिल्ली।** नया स्मार्टफोन वनप्लस नॉर्ड सीई 5 जल्द लॉन्च होगा, वनप्लस अपनी नॉर्ड सीरीज की तैयारी कर रही है। हाल ही में इस डिवाइस को टीडीआरए और बीआईएस सर्टिफिकेशन वेबसाइट्स पर देखा गया है, जिससे इसके जल्द लॉन्च होने के संकेत मिलते हैं। बीआईएस सर्टिफिकेशन के मुताबिक फोन का मॉडल नंबर सीपीएच2717 है। पहले इसे मई में लॉन्च किए जाने की चर्चा थी, लेकिन ताजा जानकारी के अनुसार अब यह फोन जून में बाजार में आ सकता है। वनप्लस नॉर्ड सीई 5 को लेकर टिपस्टर देबायन रॉय ने कई अहम जानकारियां साझा की हैं। उनके मुताबिक यह फोन फुल एचडीप्लस ओलेड डिस्प्ले के साथ आएगा, जो 120एचझेड रिफ्रेश रेट को सपोर्ट करेगा। फोन में मीडियाटेक डायमेंसिटी 8350 प्रोसेसर दिया जा सकता है, जो इसके प्रदर्शन को बेहतर बनाएगा। इसकी सबसे बड़ी खासियत इसकी 7100एमएएच की बैटरी हो सकती है, जो 80 वॉट की फास्ट चार्जिंग को सपोर्ट करेगी। फोन को कंपनी 8जीबी रैम और 256जीबी इंटरनल स्टोरेज वेरिएंट में ला सकती है। सिक्योरिटी के लिए इसमें इन-डिस्प्ले फिंगरप्रिंट सेंसर होगा, जबकि कनेक्टिविटी के लिहाज से यह हाइब्रिड सिम स्लॉट, ढ्ढक्रब्लास्टर और सिंगल स्पीकर सेटअप के साथ आ सकता है।

वनप्लस नोर्ड सीई 5 मिड-रेंज यूजर्स के लिए एक पावरफुल और फीचर-पैक विकल्प बन सकता है। कैमरा सेटअप की बात करें तो इस फोन में सोनी लिटिया 600 सेंसर वाला मुख्य कैमरा मिल सकता है, वहीं अल्ट्रावाइड शॉट्स के लिए 8 मेगापिक्सल का सोनी आईएमएक्स355 सेंसर दिया जा सकता है। सेल्फी के लिए इसमें 16 मेगापिक्सल का फ्रंट कैमरा मिलने की उम्मीद है।

# सोने का भाव में तेजी, चांदी में आई गिरावट

- सोने का भाव 96,235 रुपए प्रति 10 ग्राम, चांदी 96,267 रुपए प्रति किग्रा

**नई दिल्ली, एजेंसी**



सप्ताह के आखिरी कारोबारी दिन शुक्रवार को सोने में मामूली तेजी दर्ज की गई है। जबकि चांदी के भाव में गिरावट आई है। एमसीएक्स पर सोने का भाव 0.07 फीसदी की तेजी के साथ 96,235 रुपए प्रति 10 ग्राम जबकि चांदी का भाव 0.25 फीसदी लुढ़क कर 96,267 रुपए प्रति किग्रा पर है। गुरुवार को राष्ट्रीय राजधानी के सर्राफा बाजार में सोने की कीमत 1,500 रुपए घटकर 99,250 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गई। अखिल भारतीय सर्राफा संघ ने यह जानकारी दी है। 99.9 प्रतिशत शुद्धता सोने की कीमत बुधवार को 1,00,750 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुई थी। चार दिन से जारी तेजी के सिलसिले को तोड़ते हुए, 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना गुरुवार को 1,550 रुपए घटकर 98,800 रुपए प्रति 10 ग्राम रह गया। पिछले सत्र में यह 1,00,350 रुपए प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। हमेशा ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड का हॉलमार्क लगा हुआ सर्टिफाइड गोल्ड ही खरीदें। सोने पर 6 अंकों का हॉलमार्क कोड रहता है। इसे हॉलमार्क यूनीक आइडेंटिफिकेशन नंबर यानी एचयूआईडी कहते हैं।

## रुपया बढ़त के साथ हुआ बंद

**मुंबई।** अमेरिकी डॉलर के मुकाबले शुक्रवार को भारतीय रुपया 13 पैसे की गिरावट के साथ ही 85.43 पर बंद हुआ। पाकिस्तान के बीच बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव के बीच रुपया आज सुबह शुरुआती कारोबार में 30 पैसे टूटकर 85.88 प्रति डॉलर पर आ गया। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने बताया कि भारत और पाकिस्तान के बीच भू-राजनीतिक तनाव के कारण निवेशक सतर्क हो गए हैं जिससे रुपये में कमजोरी आई। इसके अलावा अमेरिकी डॉलर की बढ़ती मांग ने निवेशकों की भावनाओं को और प्रभावित किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 85.88 प्रति डॉलर पर खुला जो पिछले बंद भाव से 30 पैसे की गिरावट दर्शाता है। रुपया गुरुवार को अमेरिकी डॉलर के मुकाबले 85.58 पर बंद हुआ था। इस बीच छह प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले अमेरिकी डॉलर की स्थिति को दिखाने वाला डॉलर सूचकांक 0.01 फीसदी की बढ़त के साथ 100.65 पर रहा।

## न्यूज इन शॉर्ट

### योजना का लाभ लेने हेतु बिजली उपभोक्ताओं को करानी होगी केवाईसी

शहडोल। नगर वासियों को सूचित किया जाता है कि अब बिजली के बिलों में बिजली उपभोक्ताओ को केवाईसी करनी होगी ताकि शासन के द्वारा आगामी योजनाओं का लाभ बिजली उपभोक्ताओ को प्रदान किया जा सके ! जैसे कि अभी बर्तमान में सब्सिडी की राशि बिजली उपभोक्ताओ को उनके बिजली में लगाकर प्रदान की जा रही है किन्तु अब डायरेक्ट बिजली उपभोक्ताओ के डायरेक्ट खाते में प्रदान करने की मंशा है शासन की जिसके लिए बिजली उपभोक्ताओ को बिजली कार्यालय में बिजली बिल की कॉपी,आधार कार्ड, बैंक पास बुक,पैन कार्ड, समग्र आईडी, मोबाइल नंबर, मेल आईडी अभी तक शहडोल शहर के बिजली उपभोक्ताओ के द्वारा लग भग 3000 ने केवाईसी करवा ली है शहडोल जिले के समस्त बिजली उपभोक्ताओ से आग्रह से आग्रह है कि जल्द से जल्द कार्यालय में अपने अपने ऊपर लिखित दस्तावेज के माध्यम से केवाईसी करवाना सुनिश्ति करें।

### नेशनल लोक अदालत का आयोजन आज

शहडोल- सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण शहडोल ने जानकारी दी है कि नेशलन लोक अदालत का आयोजन 10 मई 2025 को प्रातः 10 बजे से जिला न्यायालय परिसर में किया जाएगा। नेशलन लोक अदालत का शुभारंभ माननीय उच्च न्यायालय द्वारा व्हीसी के माध्यम से किया जाएगा। एडीआर सेन्टर जिला न्यायालय शहडोल विशेष न्यायाधीश महोदय द्वारा प्रातः 10 बजे किया जाएगा। इस अवसर पर प्रिंट एंव इलेक्ट्रानिक मीडिया से जुड़े पत्रकारों से उपस्थित रहने का आग्रह किया गया है।

### विभिन्न योजनाओं का लाभ पात्र हितग्राहितयों को दिलाने हेतु ई-केवायसी के कार्य में तेजी लाने के कलेक्टर ने दिए निर्देश

शहडोल। शासन की विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त करने हेतु राज्य शासन द्वारा ई-केवायसी अनिवार्य कर दिया गया है। जिन योजनाओं में ई-केवायसी की आवश्यकता होती है संबंधित विभाग के अधिकारी ग्राम पंचायतों के अमले तथा विभागीय अमले से समन्वय कर शत-प्रतिशत ई-केवायसी का लक्ष्य प्राप्त करें। यह निर्देश कलेक्टर डॉ केदार सिंह ने ई-केवायसी के प्रगति की समीक्षा करते हुए संबंधित अधिकारियों को दिए। बैठक में अपर कलेक्टर सरोधन सिंह, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व सोहागपुर अरविंद शाह, अनुविभागीय अधिकारी जैतपुर श्रीमती अमृता गर्ग, एसडीओपी राघवेन्द्र द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर श्रीमती ज्योति परस्ते, भागीरथी लहरे सहित विभिन्न विभागों के जिला प्रमुख अधिकारी उपस्थित रहे।

### वन्य प्राणी संरक्षण तथा मानव एवं वन्य प्राणी अंतर्द्वंद्व प्रबंधन पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 14 एवं 15 मई को

शहडोल। वन संरक्षक एवं क्षेत्र संचालक बांधवगढ़ टाईगर रिजर्व उमरिया ने बताया है कि बांधवगढ़ एवं संजय कॉरीडोर में वन्य प्राणी संरक्षण तथा मानव एवं वन्य प्राणी अंतर्द्वंद्व प्रबंधन पर आधारित दो दिवसीय कार्यशाला 14 एवं 15 मई को दो दिवसीय कार्यशाला का आयोजन टाईगर डैन रिसोर्ट ताला में पूर्वान्ह 11 बजे से किया जाएगा। जिसमें मध्यप्रदेश तथा छत्तीसगढ़ प्रदेश के वन विभाग के अधिकारी, एमपीसीए नई दिल्ली, सफारी जबलपुर, कार्बेट फाउन्डेशन मुंबई तथा एनजीओ के प्रतिनिधि भाग लेंगे। कार्यशाला में शहडोल एवं उमरिया जिले के कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, लाक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जल संसाधन विभाग, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, विद्युत मंडल के कार्यपालन अभियंता, उप संचालक पशु चिकित्सा सेवा तथा उप संचालक कृषि को भी कार्यशाला में भाग लेने हेतु आमंत्रित किया गया है।

# मेडिकल कॉलेज से जिला अस्पताल रेफर हो रहे मरीज

## चार साल से बंद पड़ी सीटी स्कैन मशीन बनी जनता की परेशानी का कारण, परिजनों में आक्रोश

**विजय मत, शहडोल**

संभागीय मुख्यालय स्थित शासकीय बिरसामुंडा मेडिकल कॉलेज अस्पताल की स्वास्थ्य सुविधाएं बदहाल स्थिति में हैं। विडंबना यह है कि जहां मेडिकल कॉलेज से बेहतर चिकित्सा सुविधा की उम्मीद की जाती है, वहीं यहां से मरीजों को जिला अस्पताल या निजी अस्पतालों में रेफर किया जा रहा है। परिणामस्वरूप आए दिन मरीजों और उनके परिजनों में आक्रोश देखने को मिल रहा है।

### जिला अस्पताल की ओर रेफर का उल्टा चलन

आमतौर पर गंभीर मरीजों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल से मेडिकल कॉलेज रेफर किया जाता है। लेकिन शहडोल में यह परंपरा उलटी हो गई है। यहां मेडिकल कॉलेज से मरीजों को जिला अस्पताल रेफर किया जा रहा है। प्रतिदिन लगभग आधा दर्जन मरीजों को रेफर करने की घटनाएं सामने आ रही हैं। रेफर प्रक्रिया भी इतनी जटिल और देरीपूर्ण होती है कि मरीजों को इलाज मिलने से पहले ही भारी मानसिक और शारीरिक कष्ट झेलना पड़ता है।

### सीटी स्कैन मशीन चार साल से बंद

कोविड काल 2021 में राज्य सरकार ने मेडिकल कॉलेज को 132 स्लाइस क्षमता वाली अत्याधुनिक सीटी स्कैन मशीन दी थी। मशीन स्थापना के बावजूद




अब तक चालू नहीं की जा सकी है। इससे मरीजों को मजबूरन निजी सेंटरों में महंगे दामों पर सीटी स्कैन कराना पड़ता है। ग्रामीण इलाकों से आए आर्थिक रूप से कमजोर मरीजों पर यह खर्च और भी भारी पड़ता है।

### सोनोग्राफी और ब्लड बैंक भी सिर्फ नाम के लिए

सिर्फ सीटी स्कैन ही नहीं, मेडिकल कॉलेज में सोनोग्राफी मशीन भी धूल फांक रही है। मशीन मौजूद है लेकिन उसका संचालन नहीं हो रहा। इसी तरह ब्लड बैंक की मशीनें आ चुकी हैं और स्थान चिन्हित कर बोर्ड भी लगा दिया गया है, पर सेवा शुरू नहीं हुई है। यह स्थिति मरीजों को भ्रमित करती है और उनके लिए जानलेवा भी साबित हो सकती है।

### आवश्यक है शासन का सख्त हस्तक्षेप

मेडिकल कॉलेज जैसी संस्थाएं आम जनता के स्वास्थ्य की रीढ़ होती हैं। यहां मूलभूत सुविधाओं का अभाव न केवल मरीजों की जान जोखिम में डालता है, बल्कि सरकारी व्यवस्था पर भी प्रश्नचिह्न खड़े करता है। अब समय आ गया है कि शासन-प्रशासन सजग हो और तत्काल प्रभाव से जरूरी चिकित्सा सेवाएं प्रारंभ कराए, अन्यथा जनता का भरोसा पूरी तरह टूट सकता है।

### प्रसव में लापरवाही, निजी अस्पतालों की लूट

मेडिकल कॉलेज में प्रसव जैसी मूलभूत सेवाएं भी उपलब्ध नहीं हैं। महिला मरीजों को बिना उपचार के ही रेफर कर दिया जाता है। हाल ही में दिनेश उपाध्याय नामक व्यक्ति ने अपनी पत्नी को निजी अस्पताल में प्रसव कराने की विवशता बताई। उनका कहना था कि मेडिकल कॉलेज में सुविधा होती तो उन्हें 30 हजार रुपये का अतिरिक्त खर्च नहीं करना पड़ता।

### निरीक्षण के बाद भी नहीं हुए सुधार

पिछले महीने जिले के प्रभारी मंत्री एवं उप मुख्यमंत्री ने मेडिकल कॉलेज का निरीक्षण कर सुविधाओं में सुधार के निर्देश दिए थे। लेकिन धरातल पर कोई कार्यवाही नहीं दिख रही। सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा आम जनता को भुगतना पड़ रहा है।

# उमरिया-शहडोल सड़क का कार्य शीघ्र पूरा करें : राजेन्द्र शुक्ल

## रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के कार्यों की प्रगति की समीक्षा



**विजय मत, शहडोल**

उप मुख्यमंत्री राजेन्द्र शुक्ल ने मंत्रालय भोपाल में रीवा एवं शहडोल संभाग में एमपीआरडीसी के विभिन्न निर्माण कार्यों की प्रगति की गहन समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि निर्माण कार्य गुणवत्तापूर्ण ढंग से निर्धारित समय-सीमा में पूर्ण किए जाएं। उन्होंने कहा कि प्रगतिरत कार्यों की नियमित समीक्षा अनिवार्य है, ताकि किसी प्रकार की बाधा समय रहते दूर की जा सके। साथ ही, पूर्ण हो चुके कार्यों का समय पर भुगतान सुनिश्चित किया जाए, जिससे कार्यों की गति बनी रहे और बजट का प्रभावी उपयोग संभव हो सके।

उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने उमरिया से शहडोल तक 2-लेन मार्ग के उन्नयन कार्य की समीक्षा की। बताया गया कि यह कार्य 93 प्रतिशत तक पूर्ण हो चुका है और शेष कार्य प्रगतिरत है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्य जून माह के अंत तक हर हाल में पूर्ण कर लिया जाए। रीवा बायपास फोरलेन मार्ग परियोजना का 14 प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

इसमें 4 मध्यम पुलों में से 2, 39 बॉक्स कल्वर्ट में से 14 तथा आवश्यक 5 वीयूपी (वर्टिकल अंडर पास) में से 2 का कार्य प्रगतिरत है। उप मुख्यमंत्री ने अधिकारियों से कहा कि कार्यों की सतत निगरानी की जाए और तय समयसीमा में गुणवत्ता के साथ कार्यों को पूरा किया जाए। बैठक में एमडी एमपीआरडीसी श्री भरत यादव सहित संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

### पुलिस द्वारा आबकारी एक्ट के तहत 06 स्थानों पर कार्यवाही

शहडोल। जिले में अवैध शराब की बिक्री पर रोक लगाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार अभियान चलाया गया। इस अभियान के तहत जिले के सभी थाना प्रभारियों को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में अवैध शराब के विक्रेताओं के विरुद्ध सख्त कार्रवाई करें। अभियान के अंतर्गत दिनांक 08.05.25 को जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में छापेमारी की गई, जिसमें कुल 06 स्थानों पर दबिश दी गई। इस कार्रवाई में 39 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब एवं 16 पाव देशी मदिरा प्लेन शराब जप्त की गई, जिसकी कुल कीमत 5,340 रु. है। सभी आरोपियों के विरुद्ध आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई की

# यातायात नियमों की अनदेखी पर ब्यौहारी पुलिस का एक्शन

## पिकअप वाहन में अवैध रूप से भर कर सवारी ले जाते वाहन पर कार्रवाई



**विजय मत, शहडोल**

ब्यौहारी पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर जगह-जगह कैम्प लगाकर यातायात नियमों के संबंध में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है, तथा लोगों को कैम्प में बैठाकर पोस्टर, फोटो, वीडियो आदि विभिन्न माध्यमों से आम जनमानस को यातायात नियमो का पालन करने हेतु समझाइस देकर जागरूक किया जा रहा है।

इसी क्रम में 08.05.2025 को शहडोल की तरफ से ब्यौहारी की ओर माल वाहक वाहन पिकप क्र. एमपी 48 जी 2407 में करीबन 30 लोग खड़े होकर आते हुए दिखे जो वाहन को शहडोल - ब्यौहारी रोड पर मानपुर तिराह के पास रोककर चालक से नाम पता पूंछने पर अपना नाम दुर्गेश बैगा पिता ददुआ बैगा, उम्र 19 वर्ष, निवासी ग्राम गढपुरी, थाना मानपुर, जिला उमरिया का होना बताया वाहन संबंधी दस्तावेज चाहे जाने पर चालक द्वारा कोई दस्तावेज पेश नही किया गया, जो चालक द्वारा बिना लायसेंस वाहन चलाने एवं परमिट का उल्लंघन करने तथा माल वाहन में सवारी ढोना पाये जाने पर एम.व्ही. एक्ट की सुसंगत धाराओं के तहत दण्डनीय पाये जाने से गवाहों के समक्ष पिकप को जप्त कर कार्यवाही की गई।

# जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत समधिन नदी में किया गया सफाई कार्य




शहडोल - जल है प्रकृति का अमूल्य उपहार बचाओ इसे, यही है जीवन का आधार शहडोल जिले में जल गंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के तहत प्रत्येक ग्राम पंचायतो में जल संरक्षण के कार्य कराए जा रहे हैं। जल गंगा संवर्धन अभियान जल के एक एक बूंद को सहेजने के लिए 30 जून 2025 तक अभियान चलाया जा रहा है। जल गंगा संवर्धन अभियान के तहत गुरूवार को नवांकुर संस्था मां चंडिका जन विकास समिति चचाई अंतर्गत ग्राम विकास प्रस्फुटन समिति जगमल के ग्राम जगमल के पास समधिन नदी की साफ-सफाई का कार्य किया गया। समधिन नदी की सफाई कार्य में जन अभियान परिषद के जिला समन्वयक विवेक पाण्डेय, परामर्शदाता रामेश्वर पाल, नवांकुर संस्था कार्यक्रम समन्वयक, प्रस्फुटन समिति के अध्यक्ष रामगरीब साकेत, सहित काफी संख्या में आमजनों भी ने श्रमदान किया।

# पति ने तीन बच्चों के सामने पत्नी की पीट-पीटकर की हत्या

**विजय मत, ब्योहारी**

ब्यौहारी थाना क्षेत्र में एक दिल दहलाने वाली घटना सामने आई है। यहां एक पति ने अपनी पत्नी की पीट-पीटकर हत्या कर दी, वह भी अपने तीन छोटे बच्चों के सामने। बताया जा रहा है कि पति को पत्नी के चरित्र पर शक था और इसी को लेकर घर में अक्सर झगड़े होते थे। इसी गुस्से में आकर पति ने पत्नी पर हमला कर दिया, जिससे उसकी मौत हो गई।



पत्नी की हत्या करने के बाद आरोपी पति ने पुलिस को गुमराह करने के लिए झूठी कहानी बनाई। वह थाने गया और पुलिस को बताया कि उसकी पत्नी बाथरूम में गिर गई थी, जिससे उसकी मौत हो गई। लेकिन पुलिसकर्मी को उसकी बातों पर शक हुआ और उसने तुरंत इस मामले की जानकारी थाना प्रभारी को दी। थाना प्रभारी के निर्देश पर पुलिस टीम मौके पर पहुंची। वहां स्थानीय लोगों से पूछताछ और महिला के शरीर पर पड़े चोट के निशानों को देखने के बाद सच्चाई सामने आ गई कि यह कोई हादसा नहीं, बल्कि हत्या है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, गुरुवार की दोपहर से ही छोटे कोल ने अपनी पत्नी सुधा को पीटना शुरू कर दिया था। आस-पड़ोस के लोगों ने बताया कि उन्होंने पति-पत्नी के बीच समझौता भी करवाया था, लेकिन रात होते-होते विवाद फिर से बढ़ गया। इस बार छोटे कोल ने अपनी पत्नी पर इतना बुरा हमला किया कि उसकी जान चली गई।

घटना के समय महिला के तीनों बच्चे घर में मौजूद थे। बच्चे अपने पिता से मिन्नतें कर रहे थे कि उनकी मां को मत मारे, लेकिन आरोपी पति ने उनकी बातों को नजरअंदाज कर दिया।

पुलिस ने घटनास्थल पर पहुंचते ही आरोपी को हिरासत में ले लिया और पूछताछ शुरू कर दी। इस मामले में पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज किया है और जांच तेज कर दी है। मृतका सुधा के तीन छोटे बच्चे हैं, जिनमें से सबसे बड़ा 12 साल का है, जबकि अन्य 6 और 2 साल के हैं। इन बच्चों ने अपनी मां को पिटते हुए देखा और चिल्लाते रहे, लेकिन पिता ने अपनी पत्नी पर हमला करना बंद नहीं किया।

**संस्कार**

**शाम 5.00 बजे निकली भव्य शोभा यात्रा शामिल हुए बड़ी संख्या में भक्तजन**

# 26 बटुक ब्राह्मणों का किया गया उपनयन संस्कार

**विजय मत, धनपुरी**

धनपुरी नगर के अंदर पहली बार 26 बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया गया और इस कार्यक्रम को लेकर एक महीने से लगातार तैयारी की जा रही थी और आज जब उपनयन संस्कार कार्यक्रम शुरू हुआ तो यहां मौजूद सभी में इसे लेकर एक अलग ही उत्साह देखा जा रहा था मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के तत्वाधान में 6 मई से यहां पर धार्मिक कार्यक्रमों की शुरुआत की गई जो आज 9 मई तक यहां पर होंगे।

श्री लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में बटुक ब्राह्मणों के उपनयन संस्कार को लेकर सभी तैयारी की गई थी इसे लेकर लोगों को आमंत्रित भी किया गया था और सुबह से ही यहां पर उपनयन संस्कार को लेकर बड़ी संख्या में लोग पहुंच रहे थे विधि विधान के साथ उपनयन संस्कार कार्यक्रम की शुरुआत हुई जहां पर विधि विधान से पूजा शुरू हुई और 26 बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार किया गया यहां पर जिनका उपनयन संस्कार किया जा रहा था उनके परिवार के सदस्य भी यहां पर मौजूद थे लक्ष्मीनारायण मंदिर प्रांगण में उपनयन संस्कार को लेकर मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के द्वारा सभी व्यवस्थाएं की गई थी इतना ही नहीं परिवार की जो सदस्य आए हुए थे उनके बैठने की व्यवस्था भी समिति की ओर से की गई थी और इसके बाद उपनयन संस्कार को लेकर विधि विधान से पूजा शुरू हुई और इसमें बड़ी संख्या में लोग शामिल हुए।

धनपुरी नगर के अंदर ऐसा पहली बार देखने को मिला है जब बटुक ब्राह्मणों के उपनयन संस्कार को लेकर यह



कार्यक्रम आयोजित किया गया हो यही कारण था कि लोगों में इसे लेकर उत्साह था और समिति भी पूरी तरह से इस आयोजन को लेकर निस्वार्थ भावना से काम कर रही थी इस उपनयन संस्कार कार्यक्रम को लेकर काफी समय से तैयारी की जा रही थी समिति के सदस्य लगातार उपनयन संस्कार को लेकर सभी को आमंत्रित कर रहे थे और आज जब यह उपनयन संस्कार कार्यक्रम शुरू हुआ तो इसमें शामिल हुए लोगों में एक खुशी भी देखी जा रही थी पूरे विधि विधान से सभी कार्यक्रम आयोजित हो रहे थे और सभी इसमें अपना सहयोग देते हुए भी देखे जा रहे थे।

उपनयन संस्कार को लेकर मां ज्वालामुखी एक समिति के द्वारा लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में विशेष रूप से तैयारी की गई थी उपनयन संस्कार में शामिल होने वाले बटुक ब्राह्मणों के लिए अलग-अलग व्यवस्था समिति की ओर से की गई थी जहां पर पूजा अर्चन के साथ सभी विधि विधान को किया जा रहा था और दूसरी तरफ उपनयन संस्कार को लेकर जो है कार्यक्रम आयोजित हो रहा था उसमें बड़ी संख्या में लोग भी शामिल हो रहे थे।

दैनिक समय के संचालक पंडित हरेंद्र मिश्रा भी शहडोल से आकर मां ज्वालामुखी यज्ञ समिति के तत्वाधान में जो बटुक ब्राह्मणों को उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा था उसमें वह शामिल हुए और यहां पर उन्होंने समिति की जमकर सराहना भी की उन्होंने कहा कि ऐसे कार्यक्रम हर वर्ष होने चाहिए क्योंकि इसका संदेश अच्छा जाएगा और आने वाले वर्ष में इस आयोजन में अधिक से अधिक लोग शामिल होंगे उन्होंने इस मौके पर कहा कि ऐसे आयोजन को लेकर जो भी सहयोग होगा वह उनके द्वारा किया जाएगा यहां पर आकर उन्हें काफी अच्छा लगा और निश्चित ही पूरी समिति इस आयोजन के लिए धन्यवाद की पात्र है।

### शाम 5:00 बजे निकली भव्य शोभा यात्रा

जहां एक तरफ सुबह से मां लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण में बटुक ब्राह्मणों का उपनयन संस्कार कार्यक्रम आयोजित हो रहा था तो वही शाम 5¬00 बजे मंदिर प्रांगण से भव्य शोभा यात्रा मां लक्ष्मी नारायण की मूर्तियों के साथ निकाली गई जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल हुए यह शोभायात्रा मां लक्ष्मी नारायण मंदिर प्रांगण से होते हुए पुरानी बस्ती पहुंचा जहां पर भक्तों के द्वारा इस शोभा यात्रा का स्वागत किया गया ।

# महंगी बिजली से राहत का नया रास्ता, सोलर सिस्टम बना सहारा

## जिले में 177 स्थानों पर लगे सोलर सिस्टम, हर माह हो रहा 1.30 लाख यूनिट बिजली उत्पादन

**विजय मत, शहडोल**

जिले में बिजली दरों में लगातार बढ़ोत्तरी और अस्थिर आपूर्ति ने आम उपभोक्ताओं की मुश्किलें बढ़ा दी हैं। ऐसे में लोग अब वैकल्पिक ऊर्जा स्रोतों की ओर रुख कर रहे हैं, जिनमें सोलर सिस्टम सबसे प्रमुख है। जिले में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना के अंतर्गत अब तक 177 स्थानों पर सोलर पैनल स्थापित किए जा चुके हैं, जिससे प्रतिमाह लगभग 1.30 लाख यूनिट बिजली का उत्पादन हो रहा है।

**बिल की छुट्टी के साथ आय का साधन भी**

इस योजना के लाभार्थी न केवल अपने घरों की बिजली जरूरतें पूरी कर रहे हैं, बल्कि खपत से अधिक उत्पादित बिजली को बिजली कंपनी को बेचकर अतिरिक्त आय भी प्राप्त कर रहे हैं। इसके चलते उपभोक्ताओं को सालाना 10 से 15 लाख रुपए तक की बचत हो रही है। योजना के अंतर्गत विद्युत विभाग उपभोक्ता के घर पर नेट मीटर लगाता है, जो खपत और उत्पादन का सही आकलन करता है और उसी आधार पर बिल जारी करता है।

**सरकार दे रही सब्सिडी¬हर वर्ग के लिए सुलभ**

सरकार द्वारा इस योजना में सब्सिडी भी प्रदान की जा रही है, जिससे आमजन आसानी से सोलर पैनल लगवा सकें।

1 किलोवॉट पैनल - 30,000 सब्सिडी

2 किलोवॉट पैनल - 60,000 सब्सिडी

3 किलोवॉट या अधिक - 78,000 तक की सब्सिडी

इनका लाभ प्राप्त करने के लिए उपभोक्ताओं को पीएम सूर्य घर योजना की आधिकारिक वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन आवेदन करना होता है।

**सरकारी और निजी संस्थानों में भी बढ़ा रुझान**

यह योजना न केवल आम नागरिकों बल्कि शासकीय संस्थानों के लिए भी उपयोगी सिद्ध हो रही है। जिले के लगभग 32 शासकीय स्कूलों में सोलर पैनल के माध्यम से बिजली की आपूर्ति की जा रही है। इसके अलावा, निजी संस्थान भी अब इस तकनीक को अपनाने लगे हैं। वर्तमान में 40 से 45 स्थानों पर सोलर पैनल स्थापित करने का कार्य प्रगति पर है।

**ग्रामीण क्षेत्र में भी बढ़ रही पहुंच** – जहां पहले सोलर पैनल केवल शहरी क्षेत्रों तक सीमित थे, वहीं अब ग्रामीण इलाकों में भी लोग इसका लाभ उठा रहे हैं। इससे न केवल बिजली की समस्या हल हो रही है बल्कि किसानों व ग्रामीण परिवारों को आर्थिक लाभ भी मिल रहा है।

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक सीता शुक्ला द्वारा पीजी इंफ्रास्ट्रक्चर एण्ड सर्विस प्रा.लि., प्लॉट नं. 18, इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर म.प्र. से मुद्रित एवं विजय मत भवन, गायत्री मंदिर रोड, वार्ड नं. 13, शहडोल, म.प्र. से प्रकाशित। संपादक- सीता शुक्ला, प्रधान संपादक- विजय शुक्ला
(*समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार)। सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र शहडोल होगा। आर.एन.आई.-पंजीयन नंबर MPHIN/2018/76119, e-mail: vijaymat.sdl@gmail.com